रांची से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# अलग पहचान

सत्य की उड़ान

रांची, शनिवार 22 जून 2024, वर्ष 10, अंक 168, पृष्ठ 8, मूल्य 5/ रुपया

alagpahchan@gmail.com www.alagpahchan.com

# चम्पाई सोरेन ने उद्योग विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा की

**रांची** : मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों की उपस्थिति में उद्योग विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में बड़े-बड़े इंडस्ट्री के साथ-साथ लघु, कुटीर एवं छोटे-छोटे ग्रामोद्योगों को हर हाल में बढ़ावा दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे-छोटे लघु, कुटीर एवं ग्रामोद्योगों से जोड़कर गरीब, किसान तथा जरूरतमंद लोगों के आय में वृद्धि लाया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में सिल्क और तसर उत्पादन के क्षेत्र में रोजगार के अच्छे अवसर हैं। मुख्यमंत्री ने झारक्राफ्ट तथा खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं को प्रशिक्षण देकर हुनरमंद बनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

धागा उत्पादन के क्षेत्र में रोजगार की असीम संभावनाएं मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में धागा उत्पादन के क्षेत्र में रोजगार की काफी संभावनाएं दिख रही हैं। राज्य खादी बोर्ड एवं झारक्राफ्ट के प्रतिनिधि महिलाओं को धागा उत्पादन के क्षेत्र में रोजगार के लिए प्रेरित करें तथा उन्हें प्रशिक्षित भी करें। तसर, रेशम कोकून की प्रोसेसिंग तथा धागा तैयार करने की ट्रेनिंग महिलाओं को अवश्य दें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन महिलाओं को खादी बोर्ड एवं झारक्राफ्ट द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है उन्हें राज्य सरकार की नीति के तहत 35% सब्सिडी देकर उपकरण भी उपलब्ध कराएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत राजनगर में स्थापित खादी पार्क में विभिन्न प्रकार के वस्त्र निर्माण उद्योग हेतु एक बेहतर कार्य योजना बनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा रोजगार सृजन हेतु जितने भी संसाधन विकसित किए गए हैं उनका बेहतर इस्तेमाल कर अधिक से अधिक लोगों को स्वरोजगार का अवसर देना हमसभी की जिम्मेदारी है, अधिकारी कार्यशैली में बदलाव लाकर इन जिम्मेदारियों का तत्परता से निर्वहन करें।

बंद पड़े औद्योगिक इकाइयों का सर्वेक्षण कर उन्हें पुनर्जीवित करने का कार्य योजना बनाएं मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने झारखंड इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (जियाडा) के कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि जियाडा अंतर्गत वैसे औद्योगिक यूनिट जो स्थापित होने के बाद किसी कारणवश बंद पड़े हैं, उनका सर्वेक्षण करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि बंद पड़े औद्योगिक इकाइयों का नए सिरे से एलॉटमेंट कर उन्हें पुनर्जीवित करें। बंद पड़े औद्योगिक इकाइयां पुनर्जीवित होगी तो हजारों की संख्या में लोगों को रोजगार से जोड़ा जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य सरकार द्वारा बनाई गई औद्योगिक नीति के तहत 75% नियोजन स्थानीय लोगों को



मिले यह हर हाल में सुनिश्चित की जाए। जिस क्षेत्र में औद्योगिक संस्थाएं स्थापित हुई हैं उन क्षेत्रों के स्थानीय लोगों को नियोजन में प्राथमिकता मिलनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि औद्योगिक क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण सड़क, बिजली, पानी सहित सुरक्षा, साफ-सफाई के बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। इन कार्यों में तेजी लाने का निर्देश. मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने जिडको (JIIDCO) के कार्य प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने झारखंड प्लास्टिक पार्क, फार्मा पार्क, पीएम गतिशक्ति योजना, पीएम एकता मॉल तथा स्फूर्ति योजना के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश अधिकारियों को दिया। मुख्यमंत्री ने वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, रांची के निर्माण कार्य एवं जिला उद्योग केंद्र की मरम्मती सहित जिडको की कई विभिन्न योजनाओं में तेजी लाने का निर्देश दिया है।

## दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अभी जेल से बाहर नहीं निकल पायेंगे

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अभी जेल से बाहर नहीं निकल पायेंगे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अभी जेल में ही रहना होगा। दिल्ली हाई कोर्ट ने राउज एवेन्यू कोर्ट के जमानत के फैसले पर तत्काल रोक लगा दी है। दिल्ली शराब नीति केस में राउज एवेन्यू कोर्ट ने बीते कल यानी 20 जून को अरविंद केजरीवाल को जमानत दे दी थी। ईडी ने इसका विरोध करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट की वेकेशनल बेंच में याचिका दायर की है। ईडी की ओर से ASG एसवी राजू, केजरीवाल की तरफ से अभिषेक मनु सिंघवी और विक्रम चौधरी दलीलें रख रहे हैं। जस्टिस सुधीर जैन और जस्टिस रविंदर डुडेजा



की बेंच सुनवाई कर रही है। ईडी के वकील एसवी राजू ने कहा कि हमें दलीलें रखने का मौका नहीं मिला। इस पर मुख्यमंत्री केजरीवाल के वकील बोले- आपने कल 7 घंटे अपनी बातें रखीं। शालीनता से कुछ बातें स्वीकार करनी चाहिए। वहीं, हाईकोर्ट ने कहा कि ईडी की याचिका पर सुनवाई होने तक ट्रायल कोर्ट के आदेश को प्रभावी नहीं माना जाएगा। यानी हाई कोर्ट का जब तक फैसला नहीं आ जाता तब तक केजरीवाल जेल में ही रहेंगे।

## झारखंड में महिलाओं को मिलेंगे हर महीने 1000 रुपए

**रांची** : झारखंड में महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए चंपाई सरकार महिलाओं के बैंक खाते में हर महीने एक हजार रुपए भेजेगी। सरकार की इस योजना का लाभ 40 लाख महिलाओं को मिलेगा। राज्य सरकार ने जल्द से जल्द इस योजना को लागू करने के लिए तैयारी तेज कर दी है।

चंपाई सरकार 1 जुलाई से ह्यमुख्यमंत्री बहन-बेटी स्वावलंबन प्रोत्साहन योजनाह्ल शुरू करने की तैयारी में है। राज्य सरकार पश्चिम बंगाल की 'लक्ष्मी भंडार' योजना की तर्ज पर झारखंड में बहन बेटी स्वावलंबन योजना' की शुरूआत कर रही है। 25 से 50 वर्ष की आयु सीमा के



बीच की महिलाओं को मिलेगी राशि इस योजना का फायदा 25 से 50 वर्ष की आयु सीमा के बीच की महिलाओं को मिलेगा। सरकार जल्द ही कैंप लगाकर इसके लिए आवेदन लेगी। जुलाई में आवेदन की प्रक्रिया पूरी करने की योजना है, जबकि अगस्त से इस योजना के माध्यम से महिलाओं के खाते में पैसे भेजने की शुरूआत हो सकती है।

## जमीन ब्रोकर कमलेश कुमार के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी में एक करोड़ नगदी के साथ भारी मात्रा में गोली बरामद हुई है



**रांची** : रसूखदार दबंग भू-माफिया कमलेश कुमार का खूंटा एक बार फिर डोल गया। शुक्रवार को ईडी की टीम ने कमलेश कुमार के ठिकानों पर रेड मारी। कमलेश के कांके रोड स्थित एस्टर ग्रीन अपार्टमेंट और चेशायर होम के पास के ठिकानों पर छापेमारी की है।ईडी रेड के दरम्यान की टीम ने कमलेश के ठिकानों से करीब एक करोड़ कैश और 100 पीस जिंदा गोलियां जब्त की है। जानकारों का कहना है कि मामूली फोटोग्राफर से बड़ा भू-माफिया बने कमलेश कई बेईमान पुलिस अधिकारियों और तथाकथित पत्रकारों का दुलारा है।ईडी की रेड के बाद कुछ वैसे सफेदपोश भी बेनकाब होंगे, जो भू-माफिया कमलेश कुमार से गाहे-बगाहे माल टानते रहे हैं। कुछ चेहरे तो चौंकाने वाले बेनकाब होंगे। कमलेश बिकाऊ सिस्टम का बढ़िया खरीदार बनकर हर तरह के कांटा को निकालने में माहिर है। अगर ईडी तह तक पहुंची तो कई चौंकाने वाली जानकारी सामने आ सकती है। मिली गोलियां इस बात के गवाह हैं कि बहुत जल्द ईडी उम्दा किस्म के हथियारों तक पहुंच सकती है। माफिया कमलेश के ठिकानों पर ईडी की रेड की फैली खबर के बाद से ही उसके कई पनाहगार और मददगार हांफने लगे हैं। कमलेश का कुछ नहीं बिगड़ने देने का दावा करने वाले उसके कुछ रहबर के इस बार पसीने छूट सकते हैं। कुछ साल पहले यानी 27 नवम्बर 2020 को कांके पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था, तब वह तुरंत जेल से छूट गया था। उसके जेल से बाहर आते ही एक आला पुलिस अधिकारी का कहना था कि जिसकी जेब में रिश्वत की चाबी होती, वो ज्यादा दिनों तक हवालात में नहीं रहते।

करीब एक दशक पहले अलग-अलग रंग के हवाई चप्पल पहन रांची में एंट्री करने वाले कमलेश ने शुरू में एक स्थानीय अखबार में फोटोग्राफर की नौकरी पकड़ ली। फोटो खींचते-खींचते उसने एक आला पुलिस अधिकारी के घर तक आना-जाना शुरू कर दिया। एक IPS की पत्नी की मेहरबानी ने उसे बड़ा जमीन माफिया बना दिया। वो मालामाल होते चला गया। बाइक से लेकर कार तक गिफ्ट लेने वालों ने उसका पूरा साथ दिया। कई सफेदपोशों को वो टूर पैकेज भी बतौर गिफ्ट देने लगा। कांके में पुलिस हाउसिंग कॉपरेटिव बसाते ही उसकी तकदीर बदल गई। कई आला अधिकारियों की रहमत की बारिश होते ही कमलेश ने कांके के जुमार नदी को समतल करना शुरू कर उसे प्लाटिंग कर बेचना शुरू कर दिया। उसने कई लोगों से गिफ्ट में जमीन देने का भी वादा कर डाला। इसमें कुछ बड़े ओहदे पर काबिज लोगों की पत्नियां भी शामिल है। इससे पहले BAU की जमीन पर कब्जा और सरकारी जमीन पर पुलिस सोसाइटी बसाने को लेकर भी माफिया कमलेश का नाम पुलिस फाइल में दर्ज है। मददगार बने कांके के तत्कालीन CO अनिल कुमार को सस्पेंड कर दिया गया था, वहीं रजिस्ट्रार को अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी थी। इसके बावजूद उसके दो नंबरी धंधे पर कोई असर नहीं पड़ा। एक रिसोर्ट का भागीदार भी बन गया। जमीन माफिया कमलेश पर जमीन घोटाले से संबंधित कई केस दर्ज हैं।

सूत्रों के अनुसार ईडी के पंजे में आये शेखर कुशवाहा से कई अहम जानकारी मिली।

## सांसद पप्पू यादव का अफसरों को अल्टीमेटम

**बिहार**: पूर्णिया :अफसर या तो अपना काम सही से करें या फिर पूर्णिया से अपना ट्रांसफर करा लें। इसके लिए मैं 3 महीने दूंगा। अगर फिर भी जनता का काम नहीं होता है तो मैं कानून को हाथ में नहीं लूंगा। बल्कि चौथे महीने दफ्तर में जाकर ताला लगा दूंगा।" पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव ने कही। पप्पू यादव पूर्णिया के एक कस्बा में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। मौके पर सांसद ने कहा कि चार जून को लोकसभा चुनाव परिणाम आते ही कई ऑफिसर ट्रांसफर के लिए अपना चिट्ठी लगा दिए। उन्हें अब यहां काम नहीं करना है। अरे, भाई मैं बाघ थोड़े ही हूं। मैं भी आपका परिवार हूं। पप्पू यादव ने लोगों से कहा कि अगर आप जमीन का म्यूटेशन कराने या फिर किसी दूसरे विभाग में जाएं। वहां अगर आपसे कोई पैसे मांगे, उसे दे देना। इसके बाद मेरे पास आ जाना। उसने 3 गुना पैसे नहीं लौटाए, तो मेरा नाम बदल



देना। ऐसे अफसर पूर्णिया से 3 महीने के अंदर ट्रांसफर करा लें। आप पब्लिक सर्वेंट हैं और मैं पब्लिक रिप्रेजेंटेटिव।

## हमारे देश के बहादुर सैनिकों की आक्रामक क्षमताओं को संभालता है योग : रक्षा मंत्री



नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मथुरा में 1 कोर में सैनिकों के साथ विभिन्न आसन और श्वास अभ्यास करके 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को मनाने में सशस्त्र बलों का नेतृत्व किया। इस कार्यक्रम में सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे और 1 कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल संजय मित्रा के साथ वरिष्ठ अधिकारियों, अग्निवीरों, परिवारों और बच्चों सहित 600 लोग शामिल हुए। रक्षा मंत्री ने इस दिन को राष्ट्र के लिए गर्व बताते हुए कहा कि दुनिया भारत की इस महान सांस्कृतिक विरासत को उत्साह के साथ स्वीकार करके अपना रही है।

इस वर्ष के योग दिवस की थीम 'स्वयं और समाज के लिए योग' पर राजनाथ सिंह ने कहा कि योग और ध्यान हमारी संस्कृति का हिस्सा हैं, जो हमेशा 'सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया' की भावना रखती है। यानी हम सभी की खुशी और अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करते हैं। हम विश्व के कल्याण के लिए प्रार्थना करते हैं। यह हमारी सभ्यता की विशेषता है। हम सभ्यताओं के टकराव के बजाय सहयोग में विश्वास करते हैं। इस सदियों पुरानी प्रथा के लाभों पर प्रकाश डालते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि योग शारीरिक तंदुरुस्ती, मानसिक शांति और आध्यात्मिक कल्याण को मजबूत करता है। यह आक्रामक क्षमताओं को संभालने में मदद करता है, जो देश की सुरक्षा के लिए सैनिकों के लिए महत्वपूर्ण है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि हर भारतीय सैनिक एक तरह से योगी है। दुनिया ने कई बार हमारे सैनिकों की शारीरिक और मानसिक तंदुरुस्ती देखी है। न केवल सीमाओं पर, बल्कि राष्ट्रीय आपदाओं के दौरान राष्ट्र के लिए उनकी सेवा उनके मजबूत शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का प्रमाण है। जिस तरह से वे विपरीत परिस्थितियों में अनावश्यक आक्रामकता से बचते हैं और जब भी जरूरत होती है देश की अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए आक्रामक रूप से खड़े होते हैं।



### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग सत्र में भाग लेती राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

राष्ट्रपति भवन ने आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग सत्र में भाग लेती राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की तस्वीरें साझा कीं।

राष्ट्रपति भवन ने ट्वीट किया, "अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पूरे विश्व समुदाय, विशेषकर भारत के साथी नागरिकों को बधाई। योग मानवता के लिए भारत का अनूठा उपहार है। बढ़ती जीवनशैली से जुड़ी समस्याओं को देखते हुए, योग आज कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण का एक तरीका है। आइए हम योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लें।"



10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आईटीबीपी के जवानों ने सिक्किम के मुगुथांग सब सेक्टर में 15,000 फीट से अधिक की ऊंचाई पर योगाभ्यास किया।

## समग्र विश्व और मानवता को भारत की सबसे बड़ी सौगात है योगः अमित शाह

**गुजरात** : अहमदाबाद। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को अहमदाबाद के बोडकदेव स्थित गोटिला गार्डन में योगाभ्यास किया। समारोह में शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्ताव पर वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून को अंतराष्ट्रीय स्तर पर योग दिवस मनाने की शुरूआत की। मोदी ने अपने प्रस्ताव से भारत के प्राचीन विज्ञान योग से पूरे विश्व का परिचय कराया।

इस समारोह में केन्द्रीय मंत्री शाह ने कहा कि देश ने वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए ऐतिहासिक जनादेश मिलने के बाद मोदी जब पहली बार संयुक्त राष्ट्र महासभा में गए, तब उन्होंने 21 जून का दिन अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव रखा था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने प्रस्ताव के जरिए अपने देश के प्राचीन विज्ञान योग से पूरे विश्व का परिचय कराया। संयुक्त राष्ट्र महासभा में 170 से अधिक देश योग दिवस मनाने के लिए सहमत हुए थे। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भारत ने पूरी दुनिया और मानवता को बहुत कुछ दिया है और योग इसमें सबसे बड़ा उपहार और वरदान है। उन्होंने कहा कि मन, शरीर और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करने के लिए योग से बड़ा कोई विज्ञान नहीं है और योग हमारे मन के भीतर अपार ऊर्जा के सागर



में गोता लगाने का एकमात्र साधन है। मन की ऊर्जा को आत्मा से जोड़ने और उसका उपयोग विश्व कल्याण के पथ पर आगे बढ़ने के लिए योग से बेहतर कोई माध्यम नहीं हो सकता। इसके साथ ही योग आज के समय में होने वाली कई बीमारियों का इलाज भी है।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों के परिणामस्वरूप योग समग्र मानवता के लिए एक बड़ा मंच बन गया है। उन्होंने कहा कि गुजरात सरकार ने योग को बढ़ावा दिया है और इसे खेल के रूप में मान्यता दी है। गुजरात सरकार समेत सभी के सहयोग से आज सुबह राज्य में करीब सवा करोड़ लोगों ने योग किया।शाह ने कहा कि योग हमारे वेदों में वर्णित 'वसुधैव कुटुंबकम' के मंत्र को साकार कर रहा है।

केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि हमारे ऋषि-मुनियों से मिला ज्ञान ही हमें आगे ले जा सकता है। हमारी शारीरिक शक्ति, मन की शांति, कल्पना का दायरा, विवेक की शक्ति, पूरे देश की सामूहिक ऊर्जा को जागृत करने के लिए योग से बड़ा कोई साधन नहीं हो सकता।

## शान्ति, स्वास्थ्य व विकास के लिए योग जरूरीः प्रधानमंत्री मोदी ने कहा

**श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर**: अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, "आज कश्मीर की धरती से मैं दुनिया भर के सभी लोगों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई देता हूं। दस साल पहले मैंने संयुक्त राष्ट्र में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा था। भारत के प्रस्ताव को 177 देशों ने समर्थन दिया था, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। 2015 में दिल्ली के कर्तव्यपथ पर 35,000 लोगों ने एक साथ योग किया..."

श्रीनगर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित योग दिवस समारोह में हिस्सा लेते हुए दुनिया भर के लोगों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मुझे योग और साधना की भूमि कश्मीर में आने का एक सौभाग्य मिला है। योग से हमें जो शक्ति मिलती है श्रीनगर में हम उसे महसूस कर रहे हैं।

मोदी ने कहा कि आज पूरी दुनिया में योग करने वालों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। योग के प्रति आकर्षण बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि दस साल पहले मैंने संयुक्त राष्ट्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा था। भारत के प्रस्ताव को 177 देशों ने समर्थन दिया जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है।

मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर योग साधना की भूमि है। योग के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ी है। दुनिया के नेता अब योग पर बात कर रहे हैं। योग टूरिज्म का नया ट्रेंड है। योग के प्रति लोगों की जागरूकता बढ़ी है और योग करने वालों की संख्या भी बढ़ी है। इसके साथ ही योग शिक्षकों की माग बढ़ी है। योग से सकारात्मकता बढ़ती है। योग शान्ति, स्वास्थ्य और विकास के लिए भी जरूरी है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। इस बीच मोदी ने वहां उपस्थित लोगों से बातचीत भी की।



गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को श्रीनगर पहुंचे थे। मोदी युवाओं के सशक्तिकरण, जम्मू-कश्मीर में बदलाव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान जम्मू-कश्मीर को करीब 3300 करोड़ रुपये का तोहफा दिया। इसके साथ ही शासकीय सेवाओं के लिए 2000 से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र भी सौंपे।

## आतंकियों के तीन मददगार गिरफ्तार, एसएसपी जावेद इकबाल ने कहा- 'हर संदिग्ध गतिविधि पर पैनी नजर

जम्मू। डोडा में घेराबंदी और तलाशी अभियान के बारे में डोडा के एसएसपी जावेद इकबाल ने कहा कि आतंकियों की मदद करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सुरक्षाबल और जम्मू-कश्मीर पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। डोडा इलाके में तलाशी अभियान जारी है। कठुआ और डोडा में हुआ आतंकी हमला गौरतलब है कि रियासी आतंकी हमले के तीन दिन बाद ही जम्मू संभाग के कठुआ और डोडा इलाकों में आतंकियों ने गोलीबारी की। इस बीच कठुआ में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को ढेर कर दिया। वहीं, इस मुठभेड़ में सेना का एक जवान बलिदान हो गया।

डोडा में आतंकियों ने सेना के पांच जवान घायल कर दिए थे। इस मुठभेड़



में पुलिस का एक जवान भी घायल हुआ था। ज्ञात हो कि नौ जून को रियासी में शिवखोड़ी से आ रही एक बस पर आतंकियों ने गोलीबारी की। इसमें 9 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। वहीं 41 से ज्यादा घायल हुए थे। आतंकियों का मददगार गिरफ्तार रियासी आतंकी हमले में सुरक्षाबलों ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान हाकम दान (45) के रूप में हुई। इस व्यक्ति ने कथित रूप से रियासी आतंकी हमलावरों को छह हजार रुपए में खाना खिलाया था व शरण दी थी। हाकम दान ने उन्हें घटनास्थल की जानकारी भी उपलब्ध करवाई थी।

## नारी उत्थान संकल्प समिति ने मनाया विश्व योग दिवस



धनबाद । कतरास के विभिन्न क्षेत्रों से आए सेंकड़ों महिलाओं ने योगाभ्यास किया। समिति की महिलाओं ने घर-घर तक योग को पहुंचाने एवं महिलाओं को स्वस्थ बनाने का संकल्प लिया। साथ ही समिति के द्वारा विभिन्न प्रकार के फलदार पौधे महिलाओं को बांटा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कतरास क्षेत्र के जानी-मानी समाजसेविका तथा लायंस क्लब ऑफ कतरास की कोषाध्यक्ष डॉ०- मधुमाला जी उपस्थित थी।सभी को ये संदेश दिया गया की कम से कम एक घंटा योग के लिए जरूर निकाले। मौके पर नारी उत्थान संकल्प समिति की जानकी देवी,संगीता देवी,लक्ष्मी देवी,रीना देवी आदि महिलाएं मुख्य रूप से उपस्थित थी।

## प्रखंड के सोस निवासी शाहिद जफर बनाएं गए aimim ओवैसी साहब के पार्टी के मांडर विधान सभा अध्यक्ष।



**चान्हो** : प्रखंड के सोस निवासी शाहिद जफर बनाएं गए aimim ओवैसी साहब के पार्टी के मांडर विधान सभा अध्यक्ष। विधान सभा अध्यक्ष बनाए जाने पर शाहिद जफर ने प्रदेश कमेटी पर जताया अभार और कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी उसे पूरी ईमानदारी से निर्वहन करूंगा। साथ ही शाहिद जफर ने कहा कि मांडर विधान सभा चुनाव पूरी मजबूती के साथ लड़ा जाएगा क्योंकि पार्टी मांडर विधान सभा से दो बार चुनाव लड़ चुकी है और दमदार उपस्थिति भी दर्ज कराई है इसे देखते ही मांडर विधान सभा को फोकस किया जाएगा और समय रहते ही प्रत्यासी की घोषणा कर दी जाएगी। विधान सभा अध्यक्ष बनने पर शाहिद जफर को विभिन्न प्रखंड के नेता और कार्यकर्ता ने बधाइयां दी।

## ग्रामीण के एकजुट से ही बिजली में हुआ सुधारः चंद्रदेव महतो



आपको बता दे की पिछले 2 जून को बिजली की समस्या को लेकर घड़बड़ के ग्रामीण सड़क पर उतरकर आंदोलन करने के लिए विवश हो गए थे । मासस के केंद्रीय सचिव चंद्रदेव महतो उर्फ बबलू दा भी इस जायज मांग के लिए सड़क पर उतरकर ग्रामीण के आंदोलन का समर्थन किए और नेतृत्व किये थे । आंदोलन बढ़ता देख बिजली विभाग के अधिकारीयो ने ग्रामीण तथा बबलू महतो से आग्रह किया कि हम लोग इस समस्या का समाधान कर देंगे आप लोग आंदोलन समाप्त कर दें बबलू महतो उग्र होते हुए अधिकारियों से कहा कि जिस तरह ग्रामीण आज पिछले कई सालों से बिजली का समस्या झेल रहे हैं आप लोग सिर्फ एक दिन बिना बिजली का रहकर देखिए तब आप लोग को समझ में आएगा और हम लोग आश्वासन सुनने वाले नहीं है आप हम लोग के साथ यही रोड पर नीचे बैठकर वार्ता करें और लिखित में दे कि यह कितने दिनों के अंदर की समस्या का समाधान होगा उसी को देखते हुए विद्युत विभाग के कार्यपालक विद्युत अभियंता झरिया और सहायक विद्युत अभियंता मुकुंद ,ग्राम वासियों तथा जनप्रतिनिधियों के उपस्थिति में एक समझौता हुआ कि एक महीना के अंदर घड़बड़ फीडर का ब्रेकर प्रधानखंता फीडर से अलग कर दूसरा लगाया जाएगा जहां-जहां जर्जर पोल एवं तार की आवश्यकता है वहां वरीयता के आधार पर तार एवं पोल को बदल दिया जाएगा तब जाकर यह आंदोलन समाप्त हुआ । जो लिखित वार्ता हुई थी वह विद्युत विभाग के तरफ से फीडर को बदल दिया गया । इससे घड़बड़ और प्रधानखन्ता के ग्रामीणों को बिजली की समस्या से बहुत राहत मिली । ग्रामीणों के ओर से चंद्रदेव महतो को धन्यवाद दिया गया ।

## नीट परीक्षा में हुई धांधली को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन में एन.एस.यू.आई ने सैकड़ो विद्यार्थियों के साथ विरोध दर्ज किया



**रांची।** कांग्रेस छात्र संगठन झारखंड एन.एस.यू.आई नेत्री आरुषी वंदना के नेतृत्व में नीट परीक्षा में हुई धांधली को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन में सैकड़ो विद्यार्थियों के साथ विरोध दर्ज किया। विदित हो कि पूरे देश मे आज नीट को लेकर NDA के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने विरोध प्रदर्शन किया गया। आज रांची में हुए विरोध मार्च के एन.एस.यू.आई झारखंड टीम ने आरुषी वंदना के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया। मौके पर आरुषी वंदना ने कहा कि हिंदुस्तान में लगातार पेपर लीक हो रहे हैं और नरेंद्र मोदी या तो उसे रोक नहीं पा रहे या रोकना ही नहीं चाहते। भाजपा शासित राज्य पेपर लीक का एपिसेंटर और शिक्षा माफियाओं की लैबोरेटरी बन गए हैं। भाजपा सरकार शिक्षा व्यवस्था को चौपट कर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। प्रदर्शन को लेकर झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता जी एव झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर जी ने एन.एस.यू.आई कि सरहाना किया एव हौसला बढ़ाया। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से आरुषी वंदना, चंदन यादव, पी.कृतिका राव, नंदिनी गुप्ता, आकाश रजवार, बिस्वजीत सिंह, शिवा राऊ, अभिषेक सिंह, अभिजीत बाउरी, प्रखर शर्मा,अभिषेक दुबे,शिवम पांडेय, सौरभ अंथोनी, के मीनेष, सोनू, रितेश झा, मोहित तिवारी, एव सैकड़ो विद्यार्थी शामिल हुए।

## पति की मौत के बाद प्रोविजनल जॉइनिंग की मांग को लेकर क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठी पिंकी वर्मा



तिसरा। पति की मौत के बाद प्रोविजनल जॉइनिंग की मांग को लेकर क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठी पिंकी वर्मा को बस्ताकोला क्षेत्रीय प्रबंधन द्वारा जूस पिलाकर गुरुवार की देर शाम भूख हड़ताल तुड़वाया! इस दौरान कोसीपी के परियोजना पदाधिकारी संजीव कश्यप, कार्मिक प्रबंधक बी बी पाठक सहित कर्मी मौजूद थे! तवा की एक सप्ताह के अंदर प्रोविजनल जॉइनिंग दे दिया जाएगा! अगर प्रबंधन अपने वादे से मुकरती है तो पुनः आंदोलन होगा!

बताते हैं कि 26 मई 2023 को जितेंद्र कुमार सोनी ड्यूटी आने के दौरान सड़क दुर्घटना में उसकी मौत हो गई थी! वह केओसीपी मे एसबीए के पद पर काम करता था! केओसीपी प्रबंधन के साथ समझौता हुआ था यह सभी कागजात जमा करने के बाद आश्रित को नियोजन दिया जाएगा! इधर जितेंद्र सोनी की पत्नी पिंकी वर्मा द्वारा कागजात जमा करने पर प्रबंधन प्रोविजनल ज्वाइनिंग देने मैं आनाकानी करने लगे तो भूख हड़ताल पर बैठना पड़ा! पिंकी वर्मा के सहयोग में बीसीकेयू नेता तुलसी रवानी का मुख्य भूमिका रहा!

## भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका है नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA): अभिषेक शुक्ला



**रांची।** युवा आजसू के अभिषेक शुक्ला ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा की( एनटीए) नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) प्रश्न पत्र लीक का मामला अभी पूरी तरह सुलझा भी नहीं है ऐसे में 18जून को नटीए द्वारा कराई गई नेट (राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा )की परीक्षा का प्रश्न पत्र परीक्षा से ठीक एक दिन पहले हो जाना काफी चिंता का विषय है। सीबीआई ने जो एफआईआर दर्ज कराया है उस एफआईआर मे यह साफ तौर पर प्रश्न पत्र लीक होने की बात कही गई है। प्रश्न पत्र लीक होने से सबसे ज्यादा परेशानी उन छात्राओं को होती है जो साल भर मेहनत कर इस आस में रहते हैं की परीक्षा होने के बाद परिणाम उनके हक में आएगा लेकिन परिणाम हक में आने से पहले ही परीक्षा का रद्द होना उनके सपनों को चकनाचूर करता है।

आगे अभिषेक शुक्ल ने कहा लगातार दो महीने के भीतर एनटीए द्वारा नीट और यूजीसी नेट की परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक हो जाना देश की सबसे बड़ी परीक्षा एजेंसी एनटीए को सवालों के घेरे में खड़ा करती है सरकार इस मामले की निष्पक्षता से जांच करते हुए दोषियों पर कई कार्रवाई करें एवं सुनिश्चित करें कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुर्नावृति दोबारा ना हो।

## चम्पाई सोरेन ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ की उच्च स्तरीय बैठक, दिए कई अहम निर्देश_

**रांची** : राज्य का कोई भी विद्यार्थी आर्थिक तंगी की वजह से उच्च और तकनीकी शिक्षा से वंचित ना रहे, यह सरकार का संकल्प है। इस दिशा में राज्य सरकार की ओर से कई योजनाएं शुरू की गई हैं। इन योजनाओं का लाभ यहां की गरीब और मेधावी विद्यार्थियों को सुलभता के साथ सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने झारखंड मंत्रालय में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग विभाग की उच्च स्तरीय बैठक में ये बातें कही। इस अवसर पर उन्होंने गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के " स्टूडेंट एप्लीकेशन मॉड्यूल" का शुभारंभ किया। इसके तहत जिन विद्यार्थियों का चयन उच्च शिक्षण संस्थान के लिए हो चुका है, वे ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद उन्हें सरकार द्वारा इस योजना के लिए जिन बैंकों के साथ इकरारनामा किया गया है, उनके द्वारा 15 लाख रुपए तक का शिक्षा लोन उपलब्ध कराया जाएगा।

शिक्षा से संबंधित फ्लैगशिप योजनाओं का विद्यार्थियों को मिले पूरा लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए सरकार ने गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना और मांकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना जैसी अनेकों योजनाएं शुरू की हैं। इन योजनाओं का लाभ गरीब और जरूरतमंद विद्यार्थियों को मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि यहां के बच्चों को प्रतियोगिता परीक्षाओं की कोचिंग के साथ मेडिकल इंजीनियरिंग, फैशन डिजाइनिंग, जर्नलिज्म और लॉ जैसे कोर्सेज करने में पैसे की तंगी बाधा नहीं बने। विद्यार्थियों को अपने ही राज्य में उत्कृष्ट उच्च शिक्षा मिले मुख्यमंत्री ने राज्य में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा को बेहतर और उत्कृष्ट बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यहां से बड़े पैमाने पर विद्यार्थी उच्च शिक्षा के लिए दूसरे प्रदेशों का रुख करते हैं। ऐसे में हमें यह प्रयास करना होगा कि यहां के उच्च शिक्षण संस्थानों में क्वालिटी एजुकेशन के साथ कैंपस प्लेसमेंट की भी मजबूत व्यवस्था हो, ताकि यहां के विद्यार्थी अपने ही राज्य में अच्छी शिक्षा प्राप्त कर अच्छा जॉब भी हासिल कर सकें।

उच्च शिक्षण संस्थानों के भवन निर्माण कार्य में तेजी लाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कई नए डिग्री कॉलेज के साथ विभिन्न शिक्षण संस्थानों में कई भवन निर्माण कार्य हो रहा है । इन भवनों के निर्माण कार्य में तेजी लाएं और तय समय सीमा के अंदर पूरी करें, ताकि इसका लाभ यहां के शिक्षकों और विद्यार्थियों को मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से कस्बों, छोटे शहरों और प्रखंडों में कई नए कॉलेज खोले जा रहे हैं, ताकि यहां के विद्यार्थियों को अपने घर के आसपास ही बेहतर और उच्च शिक्षा मिल सके।

मुख्यमंत्री ने जमशेदपुर में खोले जाने वाले ट्राइबल यूनिवर्सिटी को जल्द क्रियाशील बनाने का निर्देश अधिकारियों को किया। उन्होंने कहा कि यह यूनिवर्सिटी इस राज्य के लिए काफी काफी मायने रखेगा। इससे यहां के जनजातीय भाषाओं को बढ़ावा मिलेगा।

## उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर प्रखंड सह अंचल कार्यालयों में लग रहा शिविर




**रांची।** उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर जिले के सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालयों में विशेष राजस्व शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जो आगामी 29 जून 2024 तक जारी रहेगा। इसी क्रम में शुक्रवार को भी जिले के सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालयों में शिविर का आयोजन किया गया। जहां खतियानी रैयत के उत्तराधिकारियों एवं आपसी बंटवारा के आधार पर दाखिल – खारिज के लिए आवेदन प्राप्त किए गएं। शिविर में भूमि संबंधित अन्य समस्याओं का भी निराकरण संबंधित अंचल के अंचलाधिकारियों द्वारा किया गया। साथ ही, अग्रतर कार्रवाई के लिए आवेदन प्राप्त किया गया। शिविर में काफी संख्या में आमजन शामिल हुए।

वहीं, शुक्रवार से जिले में पेंशन/दिव्यांगता शिविर का आयोजन शुरू हुआ। पहले दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोमिया में शिविर का आयोजन किया गया है। जहां काफी संख्या में ग्रामीण आमजनों ने पेंशन से संबंधित समस्याओं को रखा। वहीं, दिव्यांगजनों ने अपनी दिव्यांगता की जांच कराई। शिविर में आम जनों का स्वास्थ्य जांच भी स्थानीय चिकित्सक एवं टीम द्वारा किया गया। आज शिविर में कुल 156 दिव्यांगजनों ने पंजीकरण कराया। 21 लोगों ने आयुष्मान कार्ड, 35 लोगों ने मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता राशि, 156 लोगों ने पेंशन आवेदन दिया एवं 302 लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाया। आधार कार्ड में सुधार के लिए भी 20 लोगों ने आवेदन किया। मौके पर स्थानीय विधायक डा. लंबोदर महतो, जिला परिषद सदस्य, प्रमुख, पंचायत समिति सदस्य व अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे। शनिवार को पेंशन/दिव्यांगता शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चास में किया जाएगा।

उधर, परिवहन विभाग की टीम ने चंद्रपुरा प्रखंड सभागार में शिविर का आयोजन किया। जहां ड्राइविंग लाइसेंस, सड़क सुरक्षा, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना 2022, झारखंड गुड सेमेरिटन पॉलिसी 2020 एवं हिट एंड रन से संबंधित आवेदन आमजनों से प्राप्त किया गया। शनिवार को कसमार प्रखंड सभागार में शिविर का आयोजन किया जाएगा। सभी शिविरों में आमजनों की भीड़ उमड़ रही है। आमजनों की समस्याओं का ऑन स्पॉट निष्पादन हो रहा है।

## 10 वें. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिलावासियों ने किया योगाभ्यास

बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 12 स्थित पुलिस लाइन मैदान में जिला आयुष समिति एवं जिला गंगा समिति द्वारा शुक्रवार को 10 वे. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें उपायुक्त विजया जाधव, पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार, डीपीएलआर मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी समेत जिला स्तरीय पदाधिकारी, नेहरू युवा केंद्र के सदस्य, नमामि गंगे अंतर्गत जिला गंगा समिति के सदस्य, सिविल डिफेंस के सदस्य, विभिन्न खेल संघों के प्रतिनिधि, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय चास की बच्चियां, काफी संख्या में आमजनों ने योगाभ्यास किया।

मौके पर उपायुक्त विजयी जाधव ने कहा कि योग हमारी प्राचीन जीवन पद्धती है। वर्तमान समय में जीवन में योग का महत्व और बढ़ जाता है। योग करने से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। बेहतर स्वास्थ्य के लिए नियमित योग जरूरी है। उन्होंने जिलावासियों से योग को अपने जीवन शैली (लाइफ स्टाइल) में शामिल की बात कहीं।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री पूज्य प्रकाश ने कहा कि स्वास्थ्य रहने के लिए योग आवश्यक है, वह स्वयं नियमित इसे करते हैं। उन्होंने आमजनों को अपने शरीर को तंदुरूस्त रखने के लिए योग को दिनचर्या में शामिल करने का अपील किया।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त श्री संदीप कुमार ने कहा कि योग करने के कई फायदे हैं। योग का हमारे जीवन में काफी महत्व है। मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग जरूरी है। उन्होंने स्वयं योग करने एवं दूसरे को भी योग के लिए प्रेरित करने को कहा।

उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, डीपीएलआर, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी चास आदि ने जिला वासियों को दस वें. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

कार्यक्रम में काफी लोगों ने किया योगाभ्यास

पुलिस लाइन मैदान में आयोजित जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम में काफी संख्या में में प्रशासनिक पदाधिकारी/कर्मी, विद्यालय के छात्र – छात्राएं, पुलिस जवान, सीनियर सीटीजन, पुरूष – महिला आदि ने योगाभ्यास किया। प्रातः सुबह 6.30 बजे से 07.30 बजे तक सभी ने योग किया। प्रशिक्षक राम प्रवेश कुमार एवं उनके टीम द्वारा क्रमवार पद्मासन, वज्रासन, सिद्धासन, मत्स्यासन, वक्रासन, अर्ध.मत्स्येन्द्रासन, गोमुखासन, पश्चिमोत्तनासन, ब्राह्म मुद्रा, उष्ट्रासन, गोमुखासन, अर्धहलासन, हलासन, सर्वांगासन।

## धनबाद जिला योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने भी योग दिवस मनाया



10वीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में धनबाद जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों पर योग दिवस मनाया गया। जिसमें योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ झारखंड के महासचिव श्री विपिन कुमार पांडे जी ने वाटर बोर्ड विद्यालय झरिया में शिक्षकों एवं छात्रों के साथ योग किया। जिला संघ के अध्यक्ष मनोज सिंह ने निरसा योग केंद्र में , उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार रवानी ने इंडियन स्कूल ऑफ लर्निंग झरिया में, उपाध्यक्ष डॉ शैलेश कुमार ने चिरागोड़ा के विभिन्न क्षेत्रों में, ऑफिस सेक्रेटरी संजय यादव कार्मिक नगर में, योग शिक्षक जसपाल सिंह द्वारा निरसा एवं मैथन के विभिन्न क्षेत्र के विद्यालयों में, योग शिक्षिका प्रियंका कुशवाहा ने सेंट जेवियर स्कूल धनबाद, रविदास योगा सेंटर भूली एवं भूली के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में, नेहा कपूर सुबहला गार्डन अपार्टमेंट एवं विभिन्न विद्यालयों में, रश्मि भारती सीएमपीएफ ऑफिस हीरापुर योग केंद्र में, सोनी कुमारी रेलवे एवं विभिन्न न्यूज़ कार्यालय में, आरती कुमारी धनबाद पब्लिक स्कूल हीरक ब्रांच में, आरती सिंह एवं सोनम सिंह दिल्ली पब्लिक स्कूल में योग करवाया । यह जानकारी जिला संघ के सचिव कुणाल कुमार ने दी।

## क्षेत्र के समस्या का समाधान के लिए सभी पंचायत प्रतिनिधि को एकजुट के साथ काम करना चाहिए : चंद्रदेव महतो



बलियापुर प्रखंड के जनप्रतिनिधि मुख्यमंत्री चंपई सोरेन एवं गांडेय विधायक कल्पना सोरेन से मिले साथ में टुंडी के विधायक मथुरा प्रसाद महतो मौजूद थे बलियापुर- प्रखंड के जनप्रतिनिधि सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन एवं पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी गांडेय विधायक कल्पना सोरेन से मिला। यहां की जनसमस्याओं से अवगत कराया। समस्याओं की समाधान की दिशा में मुख्यमंत्री तथा कल्पना सोरेन ने भरोसा दिया। प्रतिनिधिमंडल में मासस के केंद्रीय सचिव चंद्रदेव महतो ( बबलु दा ) ,प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी, बलियापुर प्रखंड के मुखिया संघ अध्यक्ष गणेश चंद्र महतो,पंसस हीरालाल मोदक, मुखिया उत्तम चौबे, धर्मेंद्र रवानी, अमित बनर्जी,शैलेन मंडल, विजय रजक आदि मौजूद थे।

## उपायुक्त माधवी मिश्रा ने की आधारभूत संरचना एवं परियोजना से संबंधित समीक्षा बैठक




**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में आधारभूत संरचना एवं परियोजनाओं से संबंधित समीक्षा बैठक की गई।

बैठक में उपायुक्त ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), पथ निर्माण विभाग (आरसीडी), रेलवे, झारखंड राज्य राजमार्ग प्राधिकरण (एस एच ए जे), पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झारखंड अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड, (जुडको लिमिटेड), नगर निगम, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल समेत अन्य विभागों के तहत कार्यान्वित योजनाओं के विकास की समीक्षा की।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने परियोजनावार अधिकारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों एवं मुआवजा भुगतान की जानकारी ली। उपायुक्त द्वारा इन मामलो में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाई करते हुए मामले के निष्पादन करने की बात कही।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की शिकायत



**धनबाद** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके द्वारा जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया गया कि उनके सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जाँच कराते हुए उचित समाधान कराया जाएगा।

जनता दरबार में मुख्यतः जमीन विवाद संबंधी, पारिवारिक विवाद, ऑनलाइन रसीद, मुआवजा, सड़क, मारपीट, आवास निर्माण, अवैध कब्जा, समेत अन्य समस्याओं से अवगत हुए। उपायुक्त ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

## कुइयां सहित आसपास के क्षेत्र से 12 बाइक के साथ पांच युवक को गिरफ्तार किया



तिसरा। तिसरा पुलिस और घनुडीह ओपी पुलिस ने सघन छापामारी कर खास कुइयां सहित आसपास के क्षेत्र से 12 बाइक के साथ पांच युवक को गिरफ्तार किया धनबाद के वरिए पुलिस अधीक्षक एचपी जनार्दन ने तिसरा थाना पहुंचे कहां की जिले को क्रिमिनल क्राइम मुक्त एवं नशा मुक्त बनाना हमारा उद्देश्य है जनता सहयोग करें क्राइम को खत्म कर देंगे। बताते हैं कि जिले में बाइक चोरी गिरोह की संख्या बढ़ते देख पुलिस एक टीम का गठन किया उसी के तहत सिंदरी अनुमंडल पदाधिकारी भूपेंद्र रावत को निर्देश दिया गया की बाइक चोरी करने वाले गिरोह के ऊपर नकेल कसा जाए। निर्देश के बाद तीसरा थाना प्रभारी सुमन कुमार और घनुडीह ओपी प्रभारी पवन कुमार के नेतृत्व में बीती रात खासकुइया क्षेत्र में एक बंद परे बीसीसीएल के आवास में छापामारी की गई वहां से सोनू सिंहा एवं भोलू महतो को चोरी की योजना बनाते हुए चार बाइक के साथ पकड़ा ।इसके बाद इनके निशानदेही पर चांद कुइया, कुसमाटाड़ सुरुगां से भी तीन सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया उन लोगों के पास से भी 8 बाइक जप्त किया गया इस तरह दोनों जगह मिलकर 5 अपराधी एवं 12 बाइक जप्त किया गया। वहां रूपचंद कुंभकार, भोला महतो अजय कुमार महतो को पुलिस ने पकड़ लिया है। एसपी ने बताया कि काफी दिनों से बाइक चोरी की सूचना होने की खबर मिल रही थी। इसके बाद एक टीम गठन कर इसके खिलाफ कार्रवाई की गई।

## धनबाद के कोयला नगर डी ए वी स्कूल में मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



बलियापुर प्रखंड के जनप्रतिनिधि मुख्यमंत्री चंपई सोरेन एवं गांडेय विधायक कल्पना सोरेन से मिले साथ में टुंडी के विधायक मथुरा प्रसाद महतो मौजूद थे बलियापुर- प्रखंड के जनप्रतिनिधि सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन एवं पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी गांडेय विधायक कल्पना सोरेन से मिला। यहां की जनसमस्याओं से अवगत कराया। समस्याओं की समाधान की दिशा में मुख्यमंत्री तथा कल्पना सोरेन ने भरोसा दिया। प्रतिनिधिमंडल में मासस के केंद्रीय सचिव चंद्रदेव महतो ( बबलु दा ) ,प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी, बलियापुर प्रखंड के मुखिया संघ अध्यक्ष गणेश चंद्र महतो,पंसस हीरालाल मोदक, मुखिया उत्तम चौबे, धर्मेंद्र रवानी, अमित बनर्जी,शैलेन मंडल, विजय रजक आदि मौजूद थे।

## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बी.आई.टी. सिन्दरी में लेक्चर कम्पलेक्स हॉल के सामने एक, योग शिविर का आयोजन किया गया



अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज बी.आई.टी. सिन्दरी में 'आज दिनांक 21.06.2024 को प्रातः 6:30 बजे लेक्चर कम्पलेक्स हॉल के सामने एक, योग शिविर का आयोजन किया गया। इस योग शिविर मैं संस्थान के निदेशक शिक्षक एव शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने भाग लिया। योग शिविर में शामिल डा. पंकज राय निदेशक के साथ डा. राजीव कुमार वर्मा, डा. सी. ठाकुर, डा. बी. एन. राय, डा. बी. डी. यादव, धनेश्वर महतो, अमर प्रकाश, प्रो. नरेश चौधरी, डी आर. मूई, अभिषेक हेम्ब्रम, प्रो. प्रशांत कुमार, अन्य शिक्षक मौजूद रहे। शिक्षक्षेत्तर कर्मचारियों में श्री राजकुमार शर्मा, श्री देवनंदन, श्री सुनिल कुमार, श्री सुधीर तथा अन्य मौजूद रहे। योग प्रशिक्षक के रूप में आर्ट ऑफ लीविंग की डा. अनुप्रिया गुप्ता एवं प्रो. अपणी दास शिविर में मौजूद रहे। प्रारंभ में डा राजीव योग शिविर के संचालक व राजीव कुमार वर्मा ने योग पर प्रकाश डालते हुए योग प्रशिक्षक डा. अनुप्रिया गुत्ता का अभिनंदन किया एवं स्वागत किए। तत्पश्चात् डा.अनुत्रिमा गुप्ता द्वारा योग के विभिन्न आसन जैसे यथा सूक्ष्म व्यायाम, ताड़ासन, तिर्भक ताडासन, नितली प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, आसन, पवनमुक्तासन भ्रामरी प्राणायाम आदि किया तथा क्रियाएं करवाई गई राजीव कुमार वर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ आयोजन का समापन हुआ।

# आरक्षण पर अब होगा नीतीश-मोदी का 'पॉलिटिकल पैथोलॉजी टेस्ट', बिहार सरकार के पास क्या है विकल्प?

**केंद्र और बिहार में एनडीए की सरकार है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनने के बाद पहली बार आरक्षण के मुद्दे पर नीतीश और मोदी का पॉलिटिकल पैथोलॉजी टेस्ट होगा। आइये जानते हैं कि पटना हाईकोर्ट से झटका लगने के बाद बिहार सरकार के पास क्या-क्या विकल्प है।**

**पटना**

बिहार में आरक्षण का दायरा 50 फीसदी से ऊपर बढ़ाने की कोशिश कामयाब नहीं हुई। पर ऐसा भी नहीं कि नीतीश नीत सरकार के लिए रास्ता बंद हो गया है। कई राजनीतिक दाव पेंच अभी शेष हैं, जिसे अपनी-अपनी राजनीति की सुविधा के अनुसार रणनीति बनाना अभी बाकी है। ऐसे में जानना जरूरी है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पास क्या-क्या संभावनाएं अभी बचे हैं। साथ ही सरकार के साथ-साथ जनता का भी 'पैथोलॉजी टेस्ट' होगा।

**सुप्रीम कोर्ट जा सकती है सरकार** जाहिर है पटना हाईकोर्ट ने वही किया जो उम्मीद थी। लेकिन हाई कोर्ट जाने के पहले राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट जाने का पूरा होमवर्क कर लिया था। सबसे पहले जातीय जनगणना करा कर एक ऑथेंटिक डाटा तैयार कर लिया। सामाजिक समीकरण का एक पूरा खाका सुप्रीम कोर्ट के लिए तैयार है। साथ-साथ इसके आर्थिक सर्वेक्षण भी कराया गया है। इस सर्वेक्षण में बिहार अत्यंत गरीब राज्य की कैटेगरी में दिखाया गया है। इससे एक नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि पिछड़े दलित को कैसे विकास के रास्ते कैसे लाया जाए। यह सावधानी इसलिए भी कि इसके पहले सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान, महाराष्ट्र सरकार के द्वारा 50 प्रतिशत से ज्यादा आरक्षण बढ़ाने के कारण रद्द करना पड़ा था। और वजह यही बताई गई कि जाति के किस आंकड़े के कारण आरक्षण प्रतिशत बढ़ाया। नीतीश सरकार ने पहले ही सब कुछ व्यवस्था कर ली है। बावजूद एससी रिजेक्ट करता है तो और भी कई रास्ते हैं। संविधान में संशोधन की गुहार लगा सकती है नीतीश सरकार

केंद्र में बहुमत की सरकार अभी नहीं है। राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पास अभी 12 सांसदों की ताकत है। पिछड़ों की राजनीति साधने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राजी किया जा सकता है। वैसे भी भाजपा की राजनीति की धारा बदल चुकी है। भाजपा भी प्रो पिछड़ा की राजनीति करने लगी है। ओडिशा में आदिवासी को सीएम बनाया। मध्यप्रदेश में मोहन यादव को सीएम बनाया। पिछड़ों की राजनीत को साधने के लिए शिवराज सिंह चौहान तक को एमपी का वर्षों तक सीएम बनाया। कई राज्यों से दबाव पड़ने पर संभव है कि आरक्षण के प्रतिशत बढ़ाने पर सत्ता और विपक्ष में सहमति बने और संविधान में संशोधन हो सके।

**9वीं अनुसूची में शामिल करने का आग्रह** एक रास्ता यह भी है कि नीतीश सरकार तमिलनाडु सरकार की राह पर चले। विधान मंडल में आरक्षण के प्रतिशत बढ़ाने पर सर्वसम्मति से एक विधेयक पारित कराए। और फिर केंद्र सरकार पर दबाव डाले कि इसे 9वीं अनुसूची में शामिल कर लिया जाए ताकि पिछड़ चुके लोगों को विकास की धारा में लाया जा सके। **राजनीतिक विमर्श को दस्तक देगी** राजनीतिक पार्टियां संभव है कि इस मुहिम को विमर्श में परिवर्तित कर देंगी। समाज के अंतिम पायदान तक बहस को ले जाएंगी। इस बहस से जनता के रुख को पहचाना जायेगा। दरअसल सभी राजनीतिक दल जनता के बीच जाकर आरक्षण पर उनका दृष्टिकोण जानना चाहती है। ऐसा इसलिए कि लगभग सभी दल इस बात को समझते हैं कि सरकारी नौकरी है ही कितनी, जिसका लाभ उठाया जा सके। इसलिए इस बहस को राजनीतिक दल लंबा खींचेंगे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, अब आरक्षण विचार-विमर्श के बाद ही परिवर्तित किया जायेगा। और यह विमर्श दलों के लिया समाज का एक तरह से पैथोलॉजी टेस्ट हो जाएगा। **बिहार कोई पहला राज्य नहीं** बढ़े आरक्षण प्रतिशत का पटना हाईकोर्ट के द्वारा रद्द किया जाना कोई पहली घटना है। महाराष्ट्र, राजस्थान इसके पहले उस सूची में शामिल हो चुका है। महाराष्ट्र विधानसभा ने साल 2018 में एक विधेयक पारित किया। इसके तहत सरकारी नौकरियों और शिक्षण संस्थानों में मराठा समुदाय के लोगों को 16 फीसदी आरक्षण देने का प्रावधान किया,




जिससे आरक्षण का दायरा बढ़कर 68 फीसदी जा पहुंचा। मामला सुप्रीम कोर्ट गया और 2021 में देश की सर्वोच्च अदालत ने इसे रद्द कर दिया। ओडिशा सरकार ने भी राज्य सरकार की नौकरियों में ओबीसी समुदाय के लिए आरक्षण का दायरा बढ़ाने की कोशिश 2017 में की। साथ ही 2018 में स्थानीय शहरी निकाय चुनाव में भी ओडिशा की सरकार ने मिलती-जुलती कोशिश की। मगर यह भी पूरा प्रयास ओडिशा हाईकोर्ट में नहीं टिका और राज्य सरकार को कदम वापस लेना पड़ा।

# श्रेयसी सिंह पेरिस ओलंपिक में निशाना लगाएंगी...बिहार की पहली प्लेयरः जमुई में कहा-पिता का सपना पूरा हुआ; 2018 राष्ट्रमंडल खेल में जीता था गोल्ड





**जमुई**

जमुई की भाजपा विधायक श्रेयसी सिंह पेरिस ओलंपिक में भारत की ओर से पदक पर निशाना लगाती दिखेंगी। उनका चयन भारत की 21 सदस्यों वाली निशानेबाजी टीम में हुआ है। पेरिस में 26 जुलाई से ओलंपिक की शुरूआत हो रही है। श्रेयसी सिंह ने आज जमुई में मीडिया से बात करते हुए यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि भारत की ओलंपिक टीम में शामिल होने वाली वह बिहार की पहली प्लेयर हैं। शुक्रवार की सुबह 11 बजे राष्ट्रीय राइफल संघ ने उनका टीम में शामिल होना कंफर्म किया है। इस मौके पर भावुक होते हुए उन्होंने कहा कि आज उनके पिता पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय दिग्विजय सिंह का सपना पूरा हुआ है। पिता का सपना था कि वह ओलंपिक में खेले और देश के लिए गोल्ड मेडल जीत कर लाए। **श्रेयसी ने जमुई की जनता से मांगा सपोर्ट**। श्रेयसी सिंह ने कहा कि 26 जुलाई से पेरिस में 2024 ओलंपिक की शुरुआत हो रही है। उनका मैच 30 और 31 जुलाई को है। उन्होंने जमुईवासियो से अपील की है कि जब वह मैच में हों तो उनके लिए दुआ करें कि वह देश के लिए गोल्ड मेडल जीत कर आएं। **कोटा बदलने से मिली जगह** इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (ISSF) से मंजूरी मिलने के बाद 32 वर्षीय ट्रैप शूटर श्रेयसी सिंह को पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम 21 सदस्यीय भारतीय शूटिंग टीम के हिस्से के रूप में आधिकारिक तौर पर शामिल किया गया। भारतीय संघ ने निशानेबाजी की विश्व संस्था से कोटा बदलने का आग्रह किया था। मनु भाकर एयर पिस्टल और स्पोर्ट्स पिस्टल दोनों में टॉप पर रही थी, इसलिए उनका एक कोटा स्थान महिला ट्रैप निशानेबाजी में बदल दिया गया। इसके बाद श्रेयसी को टीम में जगह मिल सकी। श्रेयसी अब राजेश्वरी कुमारी के साथ महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में भाग लेंगी। साल 2018 में श्रेयसी को अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किया गया था।

अब तक कहां-कहां जीता मेडल गोल्ड कोस्ट, ऑस्ट्रेलिया में हुए 2018 कॉमनवेल्थ गेम्स में महिला डबल ट्रैप में स्वर्ण पदक जीती।

ग्लासगो, स्कॉटलैंड में हुए 2014 कॉमनवेल्थ गेम्स में एकल डबल ट्रैप स्पर्धा के फाइनल में 92 अंक हासिल कर रजत पदक अपने नाम किया।

इंचियोन में हुए 2014 एशियाई खेलों में शगुन चौधरी और वर्षा वर्मन के साथ डबल ट्रैप टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। पिता-दादा भी रहे राइफल एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रेयसी के दादा कुमार सुरेंदर सिंह और पिता दिग्विजय सिंह दोनों अपने जीवनकाल में नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष थे। श्रेयसी जमुई जिले के गिद्धौर की रहने वाली हैं। उनके पिता पूर्व केंद्रीय मंत्री भी रहे। उनकी मां पुतुल कुमारी भी बिहार के बांका से पूर्व सांसद हैं।

# रुपौली उपचुनावः पूर्णिया से पटना पहुंचते ही नीतीश के मंत्री दिलीप जायसवाल का यूटर्न, गोली मारने वाले बयान का समझाया मतलब

**बिहार सरकार के मंत्री दिलीप जायसवाल पूर्णिया से पटना पहुंचते ही अपने बयान से पलट गए हैं। दिलीप जायसवाल ने कहा था कि अवैध हथियार लेकर चलने वालों को सीधे गोली मार दी जाएगी। अब उन्होंने कहा कि उनके कहने का मतलब यह था कि जब अवैध हथियार से गोलीबारी होगी तब पुलिस भी अपनी सुरक्षा में गोल चलाने के लिए स्वतंत्र है।**




**पूर्णिया/पटनाः** बिहार के रुपौली विधानसभा सीट पर होने वाले उप चुनाव में प्रचार के दौरान बिहार सरकार के मंत्री दिलीप जायसवाल ने भाषण में कहा था अवैध हथियार लेकर चलने वालों को सीधे गोली मार दी जाएगी, अब वह पटना आने के बाद अपने बयान से पलट गए हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने स्पष्ट रूप से कहा है कि जिले में SIT का गठन हुआ है। जिन तरह से गोपाल यादुका की हत्या हुई। आम पर पब्लिक पर दिन दहाड़े गोली चली है, पुलिस पर भी गोली चली है। तो पुलिस को भी अधिकार होगा कि वह जवाब में अपनी और आम लोगों की रक्षा के लिए गोली चलाए।'

दिलीप जायसवाल अपने बयान पर सफाई देते हुए यू टर्न लिया है। उन्होंने कहा कि मैं एक मामले को लेकर यह बात कहा था। मैं भाषण में जो पूरी बातें कह रहा था वह वायरल नहीं हुआ है, पूरी बात को कोई नहीं समझ पाया। पूर्णिया के भवानीपुर में जिस तरह गोपाल यादुका की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी उसी पर मैं बोल रहा था। मैंने कहा कि जो कोई अवैध हथियार लेकर चलते हैं उन्हें गोली मार दिया जाएगा या सिर्फ एक मामले को लेकर हमने कहा है, भवानीपुर में जिस तरह से गोपाल यादुका की हत्या दिन के 10 बजे कर दी जाती गई, उस पर हमने कहा कि जो लोग अवैध हथियार से लोगों की हत्या करते हैं और उसके पहले की बातें आप लोगों ने नहीं सुना। गोपाल यादुका की हत्या दिनदहाड़े हुई और इस तरह से कोई पुलिस पर या आम लोगों पर गोली चलाकर हत्या करने का काम करेंगे तो ऐसा नहीं है कि पुलिस हाथ पैर हाथ रखकर बैठे रहेगी।

उन्होंने कहा कि मेरा यही मकसद कहने का था, हाथ पर हाथ धर के पुलिस नहीं बैठे रहेगी अगर अपराधी गोली चलाएंगे पुलिस भी गोली चला सकती है। अपनी रक्षा के लिए और लोगों की रक्षा के लिए पुलिस गोली चलेगी। उन्होंने कहा कि मैं स्पष्ट किया कि जिले में SIT का गठन होगा।

# पांच रुपये के खर्च में लौटी आंखों की रोशनी, बचपन से मोतियाबिंद से परेशान छोड़ चुका था उम्मीद

**जमुईः** इस भौतिकवादीयुग में आम आदमी के जीवन में जहां पांच रुपये का कोई मोल नहीं है। उसी पांच रुपये ने लक्ष्मीपुर प्रखंड क्षेत्र के जिनहरा निवासी निरंजन कुमार के पुत्र शिवम कुमार को अनमोल रोशनी दे दी। अब शिवम न केवल अपनी दोनों आंखों से अच्छी तरह से देख सकता है, बल्कि अपना दैनिक कार्य भी कर सकता है। परिजनों ने बताया कि जन्म से ही शिवम को दाहिने आंख से दिखाई नहीं पड़ता था। उसकी इस परेशानी को लेकर कई आंख अस्पताल से संपर्क किया। लेकिन कहीं से कोई लाभ नहीं हुआ। इसके बाद तिब्बत के लहान अस्पताल में भी शिवम का चेकअप कराया। उसे अस्पताल ने भी इसका इलाज करने करने को लेकर हाथ खड़े कर दिया। आखिरकार इसके दाहिने आंख के ठीक होने की उम्मीद ही छोड़ दी थी। इस परेशानी के कारण शिवम अभी तक अपनी पढ़ाई भी नहीं शुरू कर सका है। बृजभूषण ने बताया कि शिवम को दाहिने आंख से बिल्कुल भी दिखाई नहीं पड़ता था। छोटी उम्र के बच्चों को बेहोश करके उसकी सर्जरी करना मेडिकल साइंस में बहुत बड़ी चुनौतीपूर्ण बात है। हमारे



अस्पताल का यह पहला मामला है। आगे भी अस्पताल प्रबंधन द्वारा लोगों को बेहतर इलाज की सुविधा देने का कार्य किया जाएगा। किसी से यह पता चला कि गिद्धौर बाजार में एक निजी अस्पताल है, जहां पांच रुपये में किसी की भी आंख का इलाज होता है। आनन-फानन में इस अस्पताल में उसका चेकअप कराया, जहां उसके इलाज के लिए मात्र पांच रुपये देना पड़ा और यह छोटी सी रकम उसके लिए वरदान साबित हो गई। यह तो वही कहावत चरितार्थ हो गई कि गोद में लड़का और बगल में ढिंढोरा। बिहार के जमुई जिले में महज पांच रुपये में एक बच्चा के आंखों की रोशनी लौट आई है। बचपन से मोतियाबिंद की समस्या होने के चलते परिवार वाले उम्मीद खो चुके थे। कई जगह इलाज कराने के बाद भी आंखों की रोशनी नहीं आने पर किसी ने गिद्धौर बाजार वाले अस्पताल के बारे में बताया, जहां केवल पांच रुपये की खर्च में आंखों की रोशनी लौट आई।

# बिहार-झारखंड में 'MIC' ने बिगाड़ा था बीजेपी का खेल, अब जाकर सामने आई लोकसभा चुनाव



***लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन की वजहें जानने के लिए भाजपा का शीर्ष नेतृत्व राज्यवार मंथन कर रहा है। मंगलवार को झारखंड के परफार्मेंस की भाजपा ने दिल्ली में समीक्षा की। उत्तर प्रदेश की समीक्षा हो चुकी है। बिहार भाजपा के नेताओं ने भी पटना में बैठक कर खराब प्रदर्शन की पड़ताल की है।***

***पटनाः*** *पहली बार पीएम बनते ही नरेंद्र मोदी ने 'सबका साथ, सबका विश्वास' का नारा दिया था। यह उनकी सरकार का ध्येय वाक्य था। इस दिशा में उन्होंने काम भी किया। पर, उन्हें न सबका साथ मिला और न सभी ने उनके प्रति विश्वास ही व्यक्त किया। देश में ऐसा जातीय और धार्मिक समीकरण विपक्ष ने बनाया, जिसने मोदी के 400 पार के सपने को ध्वस्त कर दिया। वैसे मोदी जिस पद पर हैं, उसके लिए यह स्लोगन सटीक ही था। काम भी उन्होंने उसी अनुरूप किया। मुफ्त का राशन हो या केंद्र सरकार की दूसरी कल्याणकारी योजनाएं, बिना किसी भेदभाव के मोदी ने लोगों को लाभार्थी बनाया। इसके बावजूद मुसलमानों ने मोदी का साथ छोड़ दिया तो दलित-पिछड़ी जातियों के लोगों ने भी किनारा कर लिया। सवाल उठता है कि पीएम आवास योजना, किसानों को सम्मान निधि, कारीगरों के लिए विश्वकर्मा योजना, मुद्रा लोन और मुफ्त राशन जैसी योजनाएं लोगों को क्यों नहीं रास आई ? क्या ये योजनाएं लोक कल्याण और लोगों के विकास में बाधक थीं ? इन सवालों के जवाब तलाशने की भाजपा बार-बार कोशिश कर रही है। इसके लिए राज्यवार समीक्षा कर रही है। लोकसभा चुनाव में सीटें घटने पर राज्य से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर मंथन चल रहा है।* ***भाजपा के खराब प्रदर्शन की कई वजहें*** *चुनावी परफॉर्मेंस बेहतर नहीं रहने की जो वजहें सामने आ रही हैं, उनमें कहीं से इन योजनाओं की मुखालफत नजर नहीं आती। यह भी नहीं कि जिन लोगों ने मोदी को वोट नहीं किया, उन्होंने अरबों रुपए खर्च वाली इन योजनाओं का लाभ लेना अब बंद कर दिया है। जो कुछ कारण उभर कर सामने आए हैं, उनमें इन योजनाओं को लेकर लोगों की नाराजगी कहीं से नहीं दिखती। भाजपा को पूर्ण बहुमत से कम सीटें आने और सहयोगी दलों को भी आशातीत सफलता न मिलने के जो कारण सामने आए हैं, वे जरूर चौंकाते हैं। इसमें सबसे बड़ा कारण 'MIC' है। समझिए इसके बारे में...*

***M- मुसलमानों ने भाजपा से किनारा किया*** *पहला कारण स्पष्ट तौर पर यह दिखता है कि देश की तकरीबन 20 प्रतिशत मुसलमानों की आबादी ने भाजपा और उसके सहयोगी दलों से किनारा कर लिया। यद्यपि कि केंद्र की तमाम योजनाओं में मुसलमानों की हिस्सेदारी कम नहीं हुई है। केंद्र सरकार हज सब्सिडी के नाम पर हर साल 600 करोड़ रुपए मुसलमानों पर खर्च करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अल्पसंख्यक समुदायों के कल्याण के लिए 15 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वित किए। अल्पसंख्यक छात्रों के लिए स्कॉलरशिप योजनाएं शुरू कीं। प्री-मैट्रिक, पोस्ट-मैट्रिक और मेरिट-कम-मीन्स आधारित छात्रवृत्ति मोदी सरकार ने अल्पसंख्यकों के लिए शुरू की। इसके अलावा मौलाना आजाद राष्ट्रीय फेलोशिप योजना, एम.फिल और पीएचडी जैसी उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए वित्तीय सहायता अल्पसंख्यक छात्रों को सरकार देती रही है। मौलाना आजाद शिक्षा फाउंडेशन में कक्षा 9 से 12 तक के अल्पसंख्यक समुदाय की मेधावी लड़कियों के लिए बेगम हजरत महल राष्ट्रीय छात्रवृत्ति नामक योजना का क्रियान्वयन मोदी सरकार ने किया। नया सवेरा योजना के तहत मुफ्त कोचिंग और अल्पसंख्यक समुदायों के छात्रों के कौशल और ज्ञान बढ़ाने के लिए छह लाख रुपए से कम आय वालों बच्चों को आर्थिक सहायता दी। यानी अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं के शैक्षिक-आर्थिक उन्नयन की दिशा में नरेंद्र मोदी के काम पिछली सरकारों से कहीं ज्यादा रहे। इसके बावजूद मुसलमानों ने मोदी पर भरोसा नहीं किया। I- इंपोर्टेड उम्मीदवारों ने भी खेल बिगाड़ा*

*भाजपा से उसके वोटरों के विमुख होने का एक और बड़ा कारण भी है। भाजपा ने अपनी ताकत बढ़ाने के लिए दूसरे दलों से पिछले 10 साल में नेताओं का खूब आयात किया है। भाजपा ने इस बार लोकसभा चुनाव में वैसे 106 उम्मीदवारों को टिकट दिए, जिन्होंने पिछले 10 साल में पार्टी का दामन थामा है। इस बार भाजपा ने लोकसभा की कुल 543 सीटों में 435 पर अपने उम्मीदवार उतारे थे, जिनमें 106 दूसरे दलों से आए नेता हैं। उत्तर प्रदेश में पिछले दो चुनावों में भाजपा का प्रदर्शन बेहतर रहा, लेकिन इस बार परिणाम सबसे खराब आए। इसके पीछे भी भाजपा के वे 23 उम्मीदवार हैं, जो बीते 10 साल में भाजपा में पाला बदल कर आए थे। झारखंड में भाजपा बीते चुनाव के मुकाबले इस बार तीन सीटें हार गईं। इनमें दुमका सीट पर भाजपा ने जेएमएम से आईं सीता सोरेन को पूर्व घोषित उम्मीदवार सुनील सोरेन को बदल कर टिकट दे दिया था।*

***C- कास्ट कार्ड का असर भी***

*अब सीता सोरेन आरोप लगा रही हैं कि पार्टी के ही कुछ नेताओं ने उनकी मदद से हाथ खींच लिए। चुनावी भाषा में इसे भीतरघात कहा जाता है। उनका सीधा आरोप सुनील सोरेन पर है, जिनका टिकट काट कर भाजपा ने जेएमएम से आईं सीता सोरेन को मौका दे दिया था।*

# तेजस्वी की सरकार को चुनौती-पीएस से पूछताछ कर लेंःRJD ने शेयर की डिप्टी सीएम के साथ NEET पेपर लीक के मास्टरमाइंड की तस्वीर

**पटना**

नीट पेपर लीक केस में तेजस्वी के पीएस का नाम आने को लेकर नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मेरा सहायक हो, पीएस हो कोई हो बुलाकर पूछताछ कर लें। पूछताछ करने में क्या दिक्कत है। तेजस्वी ने कहा- मैं मुख्यमंत्री से कहता हूं कि मेरे सहायक को बुला लें और पूछताछ कर लें। लेकिन उपमुख्यमंत्री जो सवाल उठा रहे हैं, EOU ने तो इस बात को लेकर आज तक नहीं कहा है। इधर राजद ने सोशल मीडिया एक्स पर नीट पेपर लीक के मास्टरमाइंड अमित आनंद की डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के साथ फोटो शेयर की है। वहीं परीक्षा में हुई धांधली और एग्जाम रद्द करने की मांग को लेकर बिहार कांग्रेस ने पटना में प्रदर्शन किया है।

**जांच को भटकाने की कोशिश है** विजय सिन्हा के आरोपों पर तेजस्वी ने कहा कि इन लोगों को ज्ञान नहीं है। हम मई से आवाज उठा रहे हैं कि कार्रवाई करनी चाहिए। ये लोग किंगपिन से ध्यान हटाना चाहते हैं। अमित आनंद और नीतीश कुमार कौन लोग हैं? इनको क्यों बचाना चाहते हैं? क्यों मुद्दे को भटकाया जा रहा है। कल मनोज झा ने तस्वीर साझा कर दी है। कोई दोषी है तो उसे बुलाकर पूछताछ करें। जो लोग मेरा नाम घसीटना चाहते हैं उससे कोई फायदा होने वाला नहीं है।

तेजस्वी यादव ने कहा कि राज्य या केन्द्र सरकार हो, लगभग 50 लाख बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है। हमारी मांग रही है कि इसे रद्द करना चाहिए। बीजेपी शासित राज्यों में बिहार, गुजरात, हरियाणा तीनों जगह पेपर लीक हुआ है। इसलिए इसे बिना देरी के रद्द किया जाए। आगे नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि बीपीएससी शिक्षक परीक्षा जो तीसरी बार हुई और रद्द हुई। जिन आरोपियों ने पेपर लीक कराया वो अब बेल पर बाहर हैं। हमको सब की जानकारी है। देश की जनता जानती है कि जब-जब बीजेपी सत्ता में आती है, तब-तब पेपर लीक होता है।



तेजस्वी यादव ने कहा कि जब से प्रधानमंत्री आए हैं, बिहार में पुल गिर गया, ट्रेन हादसा हो गया। कुछ ना कुछ हो रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री हर मामले में चुप्पी साधे हुए हैं। **NEET पेपर लीक को लेकर पटना में कांग्रेस का प्रदर्शन** इधर, पटना के इनकम टैक्स गोलंबर पर नीट परीक्षा में धांधली को लेकर बिहार कांग्रेस के नेता प्रदर्शन कर रहे हैं। जिसमें बिहार कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह भी शामिल हुए। उन्होंने डिप्टी सीएम विजय सिन्हा के आरोप पर कहा कि उन्हें पढ़ाई से कोई मतलब नहीं है। कांग्रेस नेताओं ने नीट परीक्षा रद्द करने की मांग की है। राजद के सोशल मीडिया एक्स के ऑफिशियल अकाउंट पर आरोपी अमित आनंद की डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के साथ एक फोटो शेयर की है। पार्टी की ओर से लिखा गया- नीट परीक्षा पेपर लीक घोटाले का मुख्य आरोपी बिहार के उपमुख्यमंत्री के साथ। आरोपी के हाथों सम्मानित होने वाले तथाकथित ताकतवर मंत्री ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से उसके साथ अपनी सारी तस्वीरें डिलीट कर दीं, लेकिन चिंता की कोई बात नहीं हमारे पास सभी है। आपके व्याकुल समकक्ष दूसरे उपमुख्यमंत्री को यह भेज दीजिए। नीट पेपर लीक को लेकर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा है कि घोटाला RJD के DNA में है। NEET परीक्षा में स्पष्ट हो गया कि तेजस्वी यादव के सहयोगी ने उसे कमरा बुक कराया था और पेपर लीक में तेजस्वी यादव का हाथ है। नीट पेपर लीक में सरकारी गेस्ट हाउस में कुछ आरोपियों को रुकवाने की बात सामने आई थी। इसे लेकर बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बड़ा दावा किया था। उन्होंने कहा था कि गेस्ट हाउस के कर्मचारी को बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी के पीएस प्रीतम कुमार ने कॉल किया था। इसके बाद वहां कमरा बुक किया गया। गेस्ट हाउस के एंट्री रजिस्टर में अनुराग यादव का नाम है। उसके आगे मंत्री जी लिखा है। विजय सिन्हा का दावा है कि ये मंत्री जी तेजस्वी यादव के लिए लिखा गया था। विजय सिन्हा ने कहा कि इसमें 1 मई को तेजस्वी यादव के निजी सचिव प्रीतम कुमार ने गेस्ट हाउस के कर्मचारी प्रदीप कुमार को फोन कर सिकंदर कुमार यादवेंदु के लिए कमरा बुक करने को कहा।

# इस शाही परिवार के पास है टाटा संस का एक शेयर, जेआरडी टाटा ने दिया था गिफ्ट




**टाटा ग्रुप का बिजनस कई सेक्टर्स में फैला है। यह देश का सबसे बड़ा औद्योगिक घराना है। इसकी दो दर्जन से ज्यादा लिस्टेड कंपनियां हैं। ग्रुप को होल्डिंग कंपनी टाटा संस है। इस कंपनी का एक शेयर गुजरात के एक शाही परिवार के पास है।**

**नई दिल्ली:** टाटा ग्रुप (Tata Group) देश का सबसे बड़ा औद्योगिक घराना है। इसका मार्केट कैप पाकिस्तान की जीडीपी से भी ज्यादा है। इसकी होल्डिंग कंपनी टाटा संस (Tata Sons) में 66% हिस्सेदारी परोपकारी ट्रस्टों के पास है। साथ ही कंपनी की 12.87% टाटा ग्रुप की कंपनियों के पास, 18.4% हिस्सेदारी मिस्त्री परिवार के पास, 0.83% रतन टाटा के पास, 0.81% जिम्मी टाटा के पास और 1.21% हिस्सेदारी अन्य के पास है। लिस्टेड कंपनियों के लिए एक फीसदी से कम हिस्सेदारी वाले निवेशकों के नामों का खुलासा करना जरूरी नहीं है। लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक टाटा संस का एक शेयर गुजरात के एक शाही घराने के पास है।

गुजरात की एक रियासत छोटा उदयपुर के महारावल विरेंद्रसिंहजी चौहान के पास टाटा संस का एक शेयर था। साल 2005 में उनकी मौत के बाद यह शेयर उनके वंशजों को मिल गया। एक मीडिया रिपोर्ट में विरेंद्रसिंहजी चौहान के बेटे जय प्रताप के हवाले से यह जानकारी दी गई है। उन्होंने बताया कि उनके पिता की टाटा संस की जेआरडी टाटा से करीबी थी। 1980 के दशक में विरेंद्रसिंहजी को टाटा संस के 12 या 13 शेयर अलॉट हुए। 1998 में विरेंद्रसिंहजी ने बेंगलुरु में गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग बिजनस शुरू किया और जरूरी पैसा जुटाने के लिए टाटा संस के शेयर बेच दिए। लेकिन उन्होंने एक शेयर अपने पास रखा। यह शेयर आज भी उनके परिवार के पास रखा हुआ है।

**टाटा ग्रुप का कारोबार** टाटा ग्रुप देश के सबसे पुराने औद्योगिक घरानों में से एक है। साथ ही यह भारत का सबसे बड़ा औद्योगिक घराना है। इसके पास दो दर्जन से ज्यादा लिस्टेड कंपनियां हैं। इसका बिजनस नमक से लेकर स्टील तक फैला है। इनमें ड्यूरेबल्स, फाइनेंस, ऑटोमोटिव, टेलिकॉम और मीडिया, लाइफस्टाइल, फूड एंड बेवरेजेज, टेक्नोलॉजी, रिटेल एंड ई-कॉमर्स, ट्रैवल, इन्फ्रा, मेटल और एयरोस्पेस शामिल हैं। ग्रुप का मार्केट कैपिटलाइजेशन 365 अरब डॉलर से अधिक है। टाटा ग्रुप की कंपनी टीसीएस देश की दूसरी सबसे वैल्यूएबल कंपनी है। टाटा ग्रुप की कंपनियों ने पिछले एक साल में शानदार रिटर्न दिया है। हाल ही में लिस्ट हुई टाटा टेक्नोलॉजीज समेत टाटा ग्रुप का आठ कंपनियों ने एक साल में अपनी वैल्यू दोगुनी कर ली है।

## 52 हफ्ते के टॉप पर पहुंचा यह एनर्जी स्टॉक, दो दिन में 9% उछला, एक्सपर्ट्स ने कहा... लूट लो

**नई दिल्ली:** सुजलॉन एनर्जी (Suzlon Energy Ltd) का स्टॉक आज कारोबार के दौरान करीब पांच फीसदी तेजी के साथ 52 हफ्ते के टॉप पर पहुंच गया। पिछले दो दिनों में इस शेयर में करीब नौ फीसदी तेजीआ आई है। हफ्ते के अंतिम दिन यह 4.88 फीसदी तेजी के साथ 53.00 रुपये पर पहुंचा। इसके साथ ही कंपनी का मार्केट कैप भी 72,000 करोड रुपये से अधिक पहुंच गया। पिछले सत्र में यह शेयर 50.52 रुपये पर बंद हुआ था। पिछले एक साल में यह शेयर अपने न्यूनतम स्तर से करीब 300 फीसदी उछल चुका है। पिछले साल 23 जून को यह 13.28 रुपये पर आ गया था जो इसका 52 हफ्ते का न्यूनतम स्तर था।

# व्हिस्की, ब्रांडी, वोदका, रम... दुनिया को लगा भारतीय शराब का चस्का, बाजार में आते ही मच रही लूट



**दुनिया में तेजी से बढ़े रहे 30 शराब ब्रांड्स में से एक तिहाई भारत के हैं। इनमें व्हिस्की ही नहीं ब्रांडी, वोदका और रम भी शामिल है। वॉल्यूम के हिसाब से दुनिया के शीर्ष 30 व्हिस्की ब्रांड्स में से तेरह भारतीय हैं। जानिए कौन-कौन है इसमें शामिल...**

**नई दिल्ली:** भारत की शराब का नशा दुनिया के सिर चढ़कर बोल रहा है। ड्रिंक्स इंटरनेशनल की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रहे 30 स्पिरिट ब्रांड्स में से एक तिहाई भारतीय हैं। इतना ही नहीं टॉप दस व्हिस्की ब्रांड्स में से छह भारत के हैं। भारत के कुल शराब मार्केट में दो-तिहाई के बराबर हिस्सेदारी व्हिस्की की है। व्हिस्की के साथ-साथ भारत के ब्रांडी, वोदका और रम ब्रांड्स को भी काफी पसंद किया जा रहा है। भारत दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश है और अगले पांच साल में 10 करोड़ लोग शराब पीने की लीगल एज में पहुंच जाएंगे। यही वजह है कि दुनिया की बड़ी-बड़ी शराब कंपनियां भारत पर फोकस कर रही हैं। 'मिलियनेयर्स क्लब' की रिपोर्ट में कहा गया है कि एक ऐसे वर्ष में जब भारत आबादी के हिसाब से दुनिया का सबसे बड़ा देश बन गया, इसने खुद को स्पिरिट्स की दुनिया में एक अग्रणी देश के रूप में भी स्थापित कर लिया। एक्साइज से जुड़े कुछ मुद्दे अब भी हैं जिनके कारण यहां बिजनस मुश्किल है। लेकिन यह बात साल-दर-साल सच होती जा रही है कि यदि आप भारतीय बाजार को समझ पाए, तो संभावनाएं लगभग असीमित हैं। एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स की आइकोनिक व्हाइट व्हिस्की ने 2023 में 1.6 मिलियन केस बेचे और 1500% की बढ़ोतरी के साथ टॉप पर रही। लेकिन व्हिस्की ही नहीं है ब्रांडी, रम और वोदका ब्रांड भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। तिलकनगर इंडस्ट्रीज की कूरियर नेपोलियन और मैन्शन हाउस ब्रांडी, रेडिको खेतान की ब्रांडी मॉर्फियस, वोदका ब्रांड मैजिक मोमेंट्स और रम 1965 का प्रदर्शन शानदार रहा। यह इस बात का संकेत है कि भारतीय ग्राहक डाइवर्सिफाई हो रहे हैं। तेजी से उभर रहे 10 ब्रांड्स में से छह में दोहरे अंकों की वृद्धि देखी गई।

# 10% छूट चाहते हैं तो 30 जून से पहले जमा करा दें प्रॉपर्टी टैक्स




**ल्ली में रहने वाले प्रॉपर्टी मालिकों के लिए अच्छी खबर है। 30 जून तक प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने पर उन्हें 10 फीसदी छूट मिलेगी। एमसीडी ने इसके लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। लोगों को प्रॉपर्टी टैक्स के भुगतान में सुविधा प्रदान करने के लिए प्रॉपर्टी टैक्स डिपार्टमेंट के ऑफिस 30 जून, 2024 तक सभी शनिवार को भी खुले रहेंगे।**

**नई दिल्ली:** MCD ने सभी प्रॉपर्टी मालिकों के अलावा खाली भूमि और भवनों के कब्जाधारियों से अपील की है कि उन्हें 30 जून, 2024 से पहले वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अपने बकाया प्रॉपर्टी टैक्स का एकमुश्त भुगतान करने पर ही 10 पर्सेंट की छूट मिलेगी। सभी संपत्ति करदाता दिल्ली नगर निगम की वेबसाइट www.mcdonline.nic.in पर लॉग इन कर अपना बकाया प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवा सकते हैं। पैसों का भुगतान भी ऑनलाइन किया जा सकता है। MCD ने सभी प्रॉपर्टी मालिकों से अपनी संपत्तियों को जियो-टैग करने की भी सलाह दी है। लोगों को प्रॉपर्टी टैक्स के भुगतान में सुविधा प्रदान करने के लिए प्रॉपर्टी टैक्स डिपार्टमेंट के ऑफिस 30 जून, 2024 तक सभी शनिवार को भी खुले रहेंगे।

एमसीडी के प्रॉपर्टी टैक्स डिपार्टमेंट का कहना कि चालू वित्तीय वर्ष में विभिन्न वार्डों में 800 से अधिक कैंप का आयोजन किया गया है। कैंप के दौरान 24,000 से अधिक करदाताओं ने अपने कर का भुगतान किया है। कैंप के आयोजन में सहायता के लिए RWA, मार्केट असोसिएशन संबंधित रिजनल प्रॉपर्टी टैक्स डिपार्टमेंट से अनुरोध कर सकते हैं। टैक्सपेयर कई तरह से अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा कर सकते हैं। इनमें यूपीआई, वॉलेट, डिमांड ड्राफ्ट और ऑनलाइन पेमेंट गेटवे शामिल हैं। एमसीडी ने साथ ही 8.7 लाख ऐसे टैक्सपेयर्स को एडवांस बिल भेजे हैं जिन्होंने पिछले साल टैक्स भरा था। फाइनेंशियल ईयर 2023-24 में प्रॉपर्टी टैक्स कलेक्शन में 11.5 फीसदी गिरावट देखने को मिली थी। इस दौरान कुल 2,137 करोड़ रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स कलेक्ट किया गया था जो फाइनेंशियल ईयर 2022-23 के मुकाबले 280 करोड़ रुपये कम है। साथ ही इस दौरान टैक्सपेयर्स की संख्या में भी गिरावट आई है। 2022-23 में यह संख्या 13.29 लाख थी जो 2023-24 में 12.58 लाख थी। अधिकारियों का कहना है कि फाइनेंशियल ईयर 2022-23 में समृद्धि स्कीम के कारण 400 करोड़ रुपये का अतिरिक्त रेवेन्यू आया था। लेकिन 2023-24 में इसे लागू नहीं किया गया था।

# अनिल अंबानी की कंपनी खरीदने के लिए हिंदुजा ग्रुप को लेना पड़ रहा कर्ज, जानिए क्या है प्लान

**अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कैपिटल को खरीदने के लिए हिंदुजा ग्रुप ने सबसे बड़ी बोली लगाई थी। लेकिन अब उसके खरीदने के लिए ग्रुप के पसीने छूट रहे हैं। यह सौदा 27 मई तक पूरा किया जाना था लेकिन ग्रुप ने इसके लिए और समय मांगा है।**

**नई दिल्ली:** कर्ज में डूबे उद्योगपति अनिल अंबानी (Anil Ambani) की कंपनी रिलायंस कैपिटल (Reliance Capital) को खरीदने के लिए हिंदुजा ग्रुप (Hinduja Group) के पसीने छूट रहे हैं। पहले खबर आई थी कि बैंकों ने उसे कर्ज देने से मना कर दिया है। ग्रुप ने अब दो रूपी बॉन्ड ऑफरिंग के जरिए 7,300 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बनाई है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इससे जुटाई गई कुछ राशि का इस्तेमाल रिलायंस कैपिटल के एक्विजिशन में किया जाएगा। ग्रुप ने इसकी जिम्मेदारी Barclays Plc और 360 ONE को दी है। इन कंपनियों ने पिछले हफ्ते सिंडिकेशन प्रोसेस शुरू कर दी है और एक महीने के भीतर डील होने की उम्मीद है। इस बारे में हिंदुजा ग्रुप, Barclays Plc और 360 ONE ने कोई टिप्पणी नहीं की। इस बीच एनसीएलटी ने रिलायंस कैपिटल की सफल बोलीदाता और हिंदुजा ग्रुप की कंपनी आईआईएचएल की समाधान प्रक्रिया पूरा करने की समयसीमा बढ़ाने वाली याचिका पर सुनवाई 25 जून तक स्थगित कर दी है। इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड ने अनिल अंबानी की फाइनेंशियल सर्विसेज कंपनी रिलायंस कैपिटल के कर्ज समाधान के लिए सफल बोली लगाई थी। उसे 27 मई, 2024 तक इस प्रोसेस को पूरा करना था लेकिन कंपनी ने डेडलाइन को आगे बढ़ाने का अनुरोध किया है। आईआईएचएल की याचिका पर एनसीएलटी ने गुरुवार को सुनवाई की और मामले को 25 जून को लिस्ट करने का निर्देश दिया। रिलायंस कैपिटल ने शेयर बाजार को इसकी जानकारी दी। एनसीएलटी इस मामले की सुनवाई 13 जून को भी कर चुका है।

38 लाख निवेशकों के लिए गुड न्यूज, मार्केट खुलते ही रॉकेट बना अनिल अंबानी का यह शेयर, कहां से मिली पावर! 40,000 करोड़ का कर्ज रिजर्व बैंक ने नवंबर, 2021 में अनिल अंबानी ग्रुप की कंपनी रिलायंस कैपिटल के बोर्ड को भुगतान चूक एवं कामकाज में गड़बड़ी के आरोप में बर्खास्त कर दिया था। केंद्रीय बैंक ने नागेश्वर राव वाई को कंपनी का प्रशासक नियुक्त किया था। रिलायंस कैपिटल पर 40,000 करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज है और इनसॉल्वेंसी प्रॉसीडिंग में शुरुआती दौर में उसे बोलियां मिली थीं। हालांकि, बैंकों की समिति ने कम बोली वाली इन सभी योजनाओं को खारिज कर दिया और नीलामी का दूसरा दौर आयोजित किया था। उसमें आईआईएचएल के अलावा टॉरेंट इन्वेस्टमेंट्स ने भी भाग लिया था। IIHL ने 9,661 करोड़ रुपये की पेशकश के साथ रिलायंस कैपिटल के लिए बोली भी जीती।




# अनचाही कॉल से छुटकारा दिलवाने के लिए कुछ बनाए गए हैं मानक



**आप भी अनचाही कॉल से परेशान हैं? तो आपको शीघ्र ही इससे छुटकारा मिलने वाला है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने एक ड्राफ्ट गाइडलाइन जारी किया है। इसमें अनचाही कॉल से छुटकारा दिलवाने के लिए कुछ मानक बनाए गए हैं। फिलहाल इस पर पब्लिक से कमेंट मंगवाया गया है। इसमें किसी कंपनी या फर्म द्वारा दूसरों से ऐसी बिजनेस कॉल्स कराने और इनसे लाभ लेने वालों की भी जवाबदेही तय की गई है।**

**नई दिल्ली:** रामाधीन प्रसाद केंद्र सरकार में बड़े अफसर हैं। वह एक जरूरी मीटिंग ले रहे थे कि उनका मोबाइल फोन बज उठा। फोन उठाते ही उधर से एक क्रेडिट कार्ड बनवाने का ऑफर आया। फोन काट कर एक बार फिर से मीटिंग शुरू की। कुछ ही मिनट बाद फिर एक कॉल आया जो उन्हें प्रॉपर्टी के ऑफर के बारे में बता रहा था। तमाम चीजों के प्रमोशन के नाम पर बार-बार आने वाली अनचाही कॉल से आप भी परेशान हैं तो आपको राहत मिलने वाली है। सरकार ने ऐसी अनचाही कॉल पर शिकंजा कसने वाले नियमों का मसौदा गुरुवार को जारी किया। **क्या है मसौदे में** केंद्र सरकार के कंज्यूमर अफेयर्स मिनिस्ट्री (Consumers Affairs Ministry) की ओर से तैयार ड्राफ्ट के मुताबिक, अगर किसी ने बिजनेस प्रमोशन या किसी चीज की बिक्री से जुड़ी कॉल रिसीव करने की सहमति नहीं दी हो और फिर भी उसके पास ऐसी कॉल और मेसेज आते हैं तो इसे 'अनवॉन्टेड बिजनेस कम्युनिकेशन' माना जाएगा। इयके लिए कॉल करने वाली इकाई या व्यक्ति को जिम्मेदार माना जाएगा।

**क्या है मकसद** प्रस्तावित गाइडलाइंस का मकसद अनरजिस्टर्ड टेलीमार्केटर्स की ओर से या 10 डिजिट वाले प्राइवेट नंबरों से आने वाली अनचाही कॉल पर रोक लगाना है। ड्राफ्ट में कहा गया है कि वस्तुओं और सेवाओं से जुड़ी किसी भी प्रमोशनल कॉल या सर्विस मेसेज को बिजनेस कम्युनिकेशन माना जाएगा। पर्सनल कम्युनिकेशन को इसके दायरे से बाहर रखा गया है। ये गाइडलाइंस हर उस व्यक्ति या इकाई पर लागू होंगी, जो या तो ऐसी कॉल करते हैं या इसके लिए दूसरों का सहारा लेते हैं या ऐसी कॉल से फायदा लेते हैं। ऐसी कॉल्स या मेसेज को भी अनचाहे की श्रेणी में रखा गया है, जिनमें अनरजिस्टर्ड नंबरों या SMS हेडर्स का उपयोग किया जाए या व्यक्ति के सहमति न देने पर भी ऐसी कॉल्स की जाएं या डिजिटल सहमति लिए बिना ऐसा कम्युनिकेशन किया जाए। **अनचाही कॉल को यूं समझें** मिनिस्ट्री ने कुछ उदाहरणों से अनचाही कॉल की स्थिति को समझाया है। ड्राफ्ट में कहा गया कि 'अगर कोई प्रॉपर्टी डीलर अपनी सर्विसेज बेचने के लिए अपने इंडिविजुअल फोन नंबर या ऐसे किसी फोन नंबर से कॉल करता है, जो अथॉरिटी की ओर से ऐसे कार्यों के लिए तय सीरीज से न हों, तो प्रॉपर्टी डीलर इन गाइडलाइंस के उल्लंघन का दोषी माना जाएगा।' **पब्लिक से कमेंट मांगे** TRAI के निर्देशों के बाद भी अनचाही कॉल्स की समस्या को देखते हुए मिनिस्ट्री ने टेलीकॉम कंपनियों सहित सभी संबंधित पक्षों से चर्चा के बाद प्रिवेंशन एंड रेगुलेशन ऑफ अनसॉलिसिटेड एंड अनवॉन्टेड बिजनेस कम्युनिकेशन, 2024 की ड्राफ्ट गाइडलाइंस बनाई हैं।

# एक के बाद एक 17 स्टार्टअप फ्लॉप, फिर 400000000000 की कंपनी बना डाली



**आईआईटी कानपुर के छात्र रहे अंकुश सचदेवा ने 40,000 करोड़ रुपये के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म शेयरचैट को लॉन्च करने से पहले 17 स्टार्टअप के साथ शेयरचैट छोटे शहरों के लोगों को 15 भाषाओं में जोड़ता है। इसकी स्थापना अंकुश ने अपने दोस्तों फरीद अहसान और भानु सिंह के साथ मिलकर 2015 में की थी।**


**नई दिल्ली:** आईआईटी-कानपुर के छात्र रहे अंकुश सचदेवा की कहानी लाखों-लाख लोगों को प्रेरित करती है। उन्होंने 17 बार स्टार्टअप शुरू करने की कोशिश की। लेकिन, हर बार नाकाम साबित हुए। हार न मानते हुए उन्होंने 18वीं बार फिर से कोशिश की और शेयरचैट नाम की कंपनी बनाई। यह आज कई हजार करोड़ रुपये की बन चुकी है। शेयरचैट एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म है जो छोटे शहरों और कस्बों के लोगों को जोड़ने का काम करता है। **अपने बिजनेस का था सपना** आईआईटी ग्रेजुएट्स अपनी दूरदृष्टि, कड़ी मेहनत और अलग सोच के लिए जाने जाते हैं। अक्सर उन्हें बड़ी कंपनियां ऊंचे वेतन पर नौकरी पर रखती हैं। आज दुनिया की कई बड़ी टेक कंपनियों का नेतृत्व आईआईटी ग्रेजुएट्स ही कर रहे हैं। हालांकि, ज्यादातर आईआईटीयन अच्छी सैलरी वाली नौकरियां पसंद करते हैं। लेकिन, कुछ लोग अपना खुद का बिजनेस शुरू करते हैं। ऐसे ही एक आईआईटी ग्रेजुएट का नाम अंकुश सचदेवा है। उनका सपना अपना बिजनेस शुरू करने का था।

**17 स्टार्टअप फ्लॉप** अंकुश सचदेवा ने आईआईटी कानपुर से कंप्यूटर साइंस में बीटेक किया। ग्रेजुएशन के बाद उन्होंने अपनी पहली कंपनी शुरू की। लेकिन, सफलता नहीं मिली। हार न मानते हुए उन्होंने एक और कंपनी शुरू की। हालांकि, वह भी असफल रही। इस तरह उन्होंने कुल 17 स्टार्टअप शुरू किए लेकिन सभी के साथ नाकामी का स्वाद चखना पड़ा। **18वीं बार चमकी किस्मत**

18वीं बार किस्मत ने अंकुश का साथ दिया। उन्होंने शेयरचैट की शुरुआत की। शेयरचैट एक ऐसा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म है जो खासतौर पर भारतीय लोगों के लिए बनाया गया है। यह प्लेटफॉर्म 15 भाषाओं में उपलब्ध है। इनमें हिंदी, मलयालम, गुजराती, मराठी, पंजाबी, तेलुगु, तमिल, बांग्ला, उड़िया, कन्नड़, असमिया, हरियाणवी, राजस्थानी, भोजपुरी और अंग्रेजी शामिल हैं। अंकुश सचदेवा ने महसूस किया कि भारत के छोटे शहरों और कस्बों के लोगों को जोड़ने के लिए एक ऐसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की जरूरत है जो उनकी भाषा में हो। यही वजह है कि शेयरचैट को इतनी ज्यादा सफलता मिली।

**दो दोस्तों का साथ आया काम** अंकुश सचदेवा ने अपनी स्कूली शिक्षा सोमरविले स्कूल से पूरी की। इसके बाद उन्होंने आईआईटी कानपुर से कंप्यूटर साइंस में बीटेक किया। 2015 में ग्रेजुएशन करने से पहले उन्होंने मई से जुलाई 2014 तक माइक्रोसॉफ्ट में इंटर्नशिप भी की। 17 बार स्टार्टअप शुरू करने में असफल होने के बाद अंकुश ने अपने दो आईआईटीयन दोस्तों फरीद अहसान और भानु सिंह के साथ मिलकर शेयरचैट ऐप लॉन्च किया। यह ऐप अक्टूबर 2015 में लॉन्च हुआ था। जून 2022 तक शेयरचैट की वैल्यू लगभग 5 अरब डॉलर यानी 40,000 करोड़ रुपये से भी ज्यादा हो चुकी थी।

# मुनाफा कमाने की अंधी दौड़ बंद करें बैंक और NBFC... जानिए RBI गवर्नर ने क्यों कहा




**RBI के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बैंकों और नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनियों से मुनाफे की अंधी दौड़ के पीछे भागने से बचने को कहना है। उनका कहना है कि ग्रोथ ऐसी होनी चाहिए जिसमें रिस्क को कम करने का स्ट्रक्चर शामिल हो। ऐसा नहीं होने पर इसकी कीमत बहुत बड़ी हो सकती है।**

**नई दिल्ली:** भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बैंकों और नॉन-बैंकिंग फाइनैंशल कंपनियों (NBFCs) को बेवजह के 'मुनाफे की तलाश' और ग्रोथ का पीछा करते हुए ऐसे रिस्क लेने से बचने का आग्रह किया, जिससे पूरे सिस्टम को नुकसान पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि कुछ लाभ वाले बिजनेस मॉडल में ऐसी छिपी हुई कमजोरियां हो सकती हैं, जिनमें प्रॉफिट ऐसे रिस्क को मैनेज करने से आए। ग्रोथ ऐसी हो, जिसमें रिस्क को कम करने का स्ट्रक्चर शामिल हो, वरना इसकी कीमत बहुत बड़ी हो सकती है। दास ने कहा कि RBI के भीतर उच्च डिफॉल्ट दरों की संभावना और वित्तीय प्रणाली पर समग्र प्रभाव के बारे में चिंताएं बढ़ी हैं। RBI के कॉलेज ऑफ सुपरवाइजर्स में वित्तीय मजबूती पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में गवर्नर ने वित्तीय धोखाधड़ी को रोकने के लिए बैंकों और NBFCs के लिए AI और मशीन लर्निंग (ML) जैसी उन्नत और उभरती टेक्नॉलजी को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर मुख्य मानदंड अच्छे दिख रहे हैं, लेकिन मानकों में ढील, उचित वैल्यूएशन का अभाव और कुछ लोन देने वालों के बीच अनसिक्योर्ड लोन को बढ़ावा देने के लिए अंधी दौड़ में शामिल होने की मानसिकता के साफ सुबूत हैं। हमने सोचा कि अगर इन कमजोरियों पर ध्यान नहीं दिया गया तो यह एक बड़ी समस्या बन सकती हैं। इसलिए, हमने सोचा कि पहले से ही कार्रवाई करना और लोन ग्रोथ को धीमा करना बेहतर है। समय पर की गई कार्रवाई से अनसिक्योर्ड लोन में कमी आई है। **सख्ती का सही असर** गवर्नर इस बात पर संतोष जाहिर किया कि आरबीआई की कार्रवाई का सही असर पड़ा है। अनसिक्योर्ड लोन बढ़ने की रफ्तार धीमी हुई है। क्रेडिट कार्ड सेक्टर में ग्रोथ आरबीआई की कार्रवाई से पहले के 30% से घटकर अब 23% हो गई है, जबकि NBFC को बैंक लोन देने की वृद्धि पहले के 29% से घटकर 18% हो गई है। आरबीआई गवर्नर ने कहा, 'भारत का घरेलू वित्तीय तंत्र अब कोविड संकट के दौर में प्रवेश करने से पहले की तुलना में कहीं अधिक मजबूत स्थिति में है। भारतीय वित्तीय तंत्र अब बहुत मजबूत स्थिति में है, जिसकी विशेषता मजबूत पूंजी पर्याप्तता, RNPA का निम्न स्तर और बैंकों और NBFC की हेल्दी प्रॉफिट हैं।

एक नजर

## कनाडा में बढ़ रही अंधेरी ताकतें... हिंदू सांसद ने खालिस्तान समर्थकों को संसद में जमकर सुनाया, याद दिलाया आतंकी हमला




**कनाडा में आतंकी हरदीप सिंह निज्जर के लिए मौन रखा गया था। इसके बाद कनाडा की नीयत पर सवाल उठने लगे। भारतीय मूल के एक कनाडाई सांसद ने अब खालिस्तान समर्थकों को जमकर खरी खोटी सुनाई। इसके अलावा संसद को याद दिलाया की आतंकियों के हमले में कनाडाई मारे गए।**

**ओटावा:** कनाडा खालिस्तान समर्थक आतंकियों का रक्षक बना बैठा है। भारत और कनाडा के बीच कई बार यही विवाद का कारण बनता है। मंगलवार को कनाडा की संसद में आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की मौत के एक साल होने पर मौन रखा गया। इसके बाद कनाडा के एक सांसद ने 1985 में एयर इंडिया की फ्लाइट 182 (कनिष्क) में हुए धमाके की याद दिलाई। कनाडा में भारतीय मूल के सांसद चंद्रा आर्य ने संसद में खड़े होकर खालिस्तान समर्थकों को जमकर कोसा। उन्होंने याद दिलाते हुए कहा कि 23 जून को भारतीय विमान को हवा में उड़ा दिया गया था। इसके जिम्मेदार कनाडाई खालिस्तानी आतंकी थे।

चंद्रा आर्य ने गुरुवार को एक्स पर लोगों से 1985 एयर इंडिया बम विस्फोट के पीड़ितों की याद में एक समारोह में शामिल होने की अपील की। विमान पर हमले की यह 39वीं बरसी है। इसे आतंकवाद के पीड़ितों के लिए राष्ट्रीय स्मरण दिवस के रूप में मनाया जाता है। 23 जून 2024 को इस मेमोरियल सर्विस का आयोजन किया गया है, जिसमें उन्होंने लोगों को आने को कहा। यह आयोजन राजधानी ओटावा में डॉव झील के पास और ओंटारियो में क्वीन्स पार्क साउथ लॉन में स्मारक स्थल पर 12 बजे आयोजित की जाएगी।

## इंडियन एयरलाइंस से दुबई जाने वालों के लिए गाइडलाइन... जरा सी चूक पर नहीं मिलेगी फ्लाइट में एंट्री,

**भारतीय एयरलाइंस ने दुबई की यात्रा करने वाले विजिट वीजा धारकों के लिए दिशानिर्देश जारी करने के साथ ही एजेंटों को भी सलाह दी है। एयरलाइंस ने कहा है कि नियम ना मानने और आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में बोर्डिंग से रोका जा सकता है और कुछ मामलों में निर्वासन की चेतावनी भी दी गई है।**

**दुबई:** इंडियन एयरलाइंस ने विजिटर वीजा पर दुबई की यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए गाइडलाइन जारी की है। भारत से यूएई जाने वाले विजिटर्स के लिए हालिया यात्रा अपडेट के जवाब में कई भारतीय एयरलाइनों ने यात्रियों के लिए दिशानिर्देशों का एक सेट जारी किया है। भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में ट्रैवल एजेंटों को एयरलाइंस की ओर से जारी की गई सलाह में कहा गया है कि यात्रियों को भारतीय शहरों से यूएई की यात्रा करते समय आवश्यक दस्तावेज जरूर साथ रखना चाहिए। ऐसा करने में भूल होने पर फ्लाइट में एंट्री पर रोक से लेकर निर्वासन तक का सामना करना पड़ सकता है। एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने खलीज टाइम्स से कहा कि उन्होंने एडवाइजरी जारी कर यात्रियों से वैध पासपोर्ट, वापसी टिकट, आवास विवरण और वित्तीय प्रमाण साथ लाने के लिए कहा है। । इसके अलावा विजिटर्स को कन्फर्म रिटर्न टिकट, कन्फर्म होटल बुकिंग, 1 महीने के वीजा के लिए 3,000 दिरहम (करीब 68,000 भारतीय रुपए) और अगर यूएई में किसी रिश्तेदारों के यहां रुक रहे हैं तो उनके दस्तावेज भी साथ रखना होगा।

## बांग्लादेश से रिश्ते मजबूत कर रही मोदी सरकार पाकिस्तान की ओर भी देखे... शेख हसीना के दौरे पर बोले पाक एक्सपर्ट

**भारत और बांग्लादेश के रिश्ते काफी मजबूत माने जाते हैं, दोनों ही देश एक दूसरे को दोस्त कहते रहे हैं। इसकी बानगी भी दिख रही है क्योंकि तीसरी बार नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद किसी राष्ट्राध्यक्ष का ये पहला भारत दौरा है। प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत के सभी बड़े नेताओं से मुलाकात करेंगी।**



**इस्लामाबाद:** बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना दो दिन के भारत दौरे पर आ रही हैं। शेख हसीना 21 और 22 जून को भारत में होंगी। हसीना तीसरी बार नरेंद्र मोदी के पीएम बनने के बाद बारत आने वाली पहली राष्ट्राध्यक्ष हैं। शेख हसीना ने नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण में भी हिस्सा लिया था। ऐसे में 15 दिनों के भीतर वह दूसरी बार भारत आ रही हैं। हसीना भारत दौरे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और विदेश मंत्री एस जयशंकर जैसे सभी बड़ी नेताओं से मुलाकात करेंगी। भारत और बांग्लादेश के बीच बेहतर होते संबंधों पर पाकिस्तान की भी नजर है। पाकिस्तान के राजनीतिक टिप्पणीकार कमर चीमा ने इस पर प्रतिक्रिया दी है। कमर ने अपने यूट्यूब पर जारी एक वीडियो में कहा, 'बांग्लादेश की पीएम को अभी दो हफ्ते भी नहीं हुए जब वो नई दिल्ली गई थीं। नरेंद्र मोदी की शपथ में गईं शेख हसीना सत्ता पक्ष के साथ विपक्ष के नेताओं से भी मिली थीं। अब उनको फिर से भारत का न्यौता मिला और वह दो दिन के दौरे पर दिल्ली जा रही हैं। ये दिखाता है कि भारत की ओर से बांग्लादेश को कितनी अहमियत दी जा रही है। भारत की पड़ोसी देशों के लिए पॉलिसी में बांग्लादेश की खास अहमियत है।

**भारत और बांग्लादेश की एक-दूसरे पर निर्भरता** कमर ने आगे कहा, 'बांग्लादेश में भारत ने काफी निवेश किया है यानी उनके आर्थिक हित हैं। वहीं बांग्लादेश भी कई मौकों पर भारत की मदद करता रहा है। खासतौर से क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति में बांग्लादेश से दोस्ती भारत के लिए बहुत जरूरी है। दोनों देशों के बीच करीबी रिश्ता है और खासतौर से शेख हसीना की सरकार भारत के लिए नरम है। यही वजह है कि नरेंद्र मोदी की सरकार शेख हसीना की बांग्लादेश की सत्ता में वापसी चाहती थी। बांग्लादेश में दूसरे दलों ने भारत पर कई आरोप भी लगाए लेकिन इस सबसे इतर हसीना की सत्ता वापसी हुई और इसका फायदा अब दोनों देशों के रिश्ते में बेहतरी के तौर पर दिख रहा है। जाहिर है बांग्लादेश में अगर खालिदा जिया आ जातीं तो ये रिश्ते अलग तरह के होते।

कमर चीमा के मुताबिक, बांग्लादेश खुद को सैन्य तौर पर मजबूत करना चाहता है लेकिन वह सीधे रूस और अमेरिका से बहुत सी तकनीक नहीं ले सकता। इसके लिए वह भारत की ओर देख रहा है। बांग्लादेश पर भारत ही नहीं अमेरिका और चीन जैसे देशों की भी नजर है। इसे बांग्लादेश समझ रहा है और खुद को मजबूत बनाने में लगा है। भारत इसलिए ज्यादा ध्यान दे रहा है क्योंकि उसका बांग्लादेश के साथ एक लंबा बॉर्डर भी है। दोनों के बीच अच्छे रिश्ते ना होने की स्थिति में भारत के लिए मुश्किल होती है। चीन और पाकिस्तान से उलझा भारत किसी भी कीमत पर बांग्लादेश से बेहतर संबंध चाहता है।

कमर चीमा ने बांग्लादेश और चीन की नजदीकी की तरफ इशारा करते हुए कहा कि भारत के प्रति नरम होने के बावजूद हसीना ने कई ऐसे फैसले भी लिए हैं, जिससे चीन से उनके रिश्ते बेहतर हुए हैं। इस पर भी भारत कहीं ना कहीं चिंतित है और वह बांग्लादेश पर और ज्यादा ध्यान दे रहा है।

## हमास को कभी खत्म नहीं किया जा सकता... इजरायली आर्मी के बयान से हलचल, क्या सेना और नेतन्याहू में बढ़ रहा तनाव



**इजरायल पर हमास के 7 अक्टूबर के हमलों में 1,200 लोग मारे गए थे और 250 को हमास ने बंधक बना लिया था। इसके तुरंत बाद इजरायली सेना ने बंधकों को बरामद करने और हमास को खत्म करने का लक्ष्य बनाते हुए गाजा में हमला कर दिया। इसके बाद से गाजा में लगातार लड़ाई जारी है।**

**तेल अवीव:** गाजा पट्टी में आठ महीने से ज्यादा की लड़ाई के बाद भी इजरायल को अपेक्षाकृत नतीजे नहीं मिले हैं। इसका नकारात्मक असर देश की सेना के शीर्ष अफसरों और पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के रिश्ते पर भी दिखने लगा है। इजरायल सेना के प्रवक्ता ने कहा है कि हमास को पूरी तरह से खत्म नहीं किया जा सकता है। इस बयान से प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के उस दावे पर सवाल खड़े हो गए, जिसमें वह हमास के पूरी तरह सफाए को सरकार के युद्ध का सबसे अहम लक्ष्य कहते रहे हैं। इस बयान की इजरायल में काफी चर्चा है और सेना की सफाई के बाद भी इसे सरकार से टकराव की तरह से देखा जा रहा है।

सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) के प्रवक्ता रीड एडमिरल डैनियल हागारी ने चैनल 13 के साथ एक साक्षात्कार में कहा, 'यह कहना कि हमास को पूरी तरह से खत्म किया जा सकता है, जनता की आंखों में धूल फेंकने जैसा है। जनता को यह बताना कि गाजा में कोई आतंक नहीं होगा, कोई सैन्य संचालक नहीं होगा, कोई रॉकेट नहीं होगा और कोई हथियारबंद आदमी नहीं होगा, झूठ है। गाजा में आतंक होगा। हमास एक विचार है, जो गाजा के निवासियों के दिलों में गहराई से बसा हुआ है।' इजरायल की सुरक्षा कैबिनेट ने गाजा में अपने युद्ध के उद्देश्यों में 'हमास की सैन्य और शासन क्षमताओं को पूरी तरह खत्म करना' बताया है। हागारी की टिप्पणी को इसी के जवाब की तरह देखा गया और इस पर हंगामा हो गया। हालांकि बाद में आईडीएफ ने बाद में कहा कि वह सरकार के युद्ध लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्ध है और हागारी केवल एक विचारधारा के रूप में हमास की उपस्थिति पर बात कर रहे थे।

**सरकार और सेना में सब ठीक नहीं?** हागारी की टिप्पणियों पर आईडीएफ की सफाई बावजूद, इजरायली सरकार और सेना के बीच दरारें गहरी होती दिख रही हैं। नेतन्याहू पर अपनी सरकार के सदस्यों और अमेरिका सहित इजरायल के सहयोगियों की ओर से गाजा के लिए एक रणनीति तैयार करने का दबाव बढ़ा है। इजरायल को बीते आठ महीने के दौरान गाजा में वो सफलता नहीं मिली है, जिसका उसने दावा किया था। इसमें हमास के खात्मे की बात भी शामिल है। इस सबके बीच हागारी की टिप्पणियों ने दावों को हवा दी है, जिसमें कहा गया है कि इजरायल का सैन्य अभियान युद्ध के लक्ष्यों को प्राप्त करने में असमर्थ हो सकता है और नेतन्याहू के दावे के बावजूद हमास एक शक्तिशाली बना रह सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, नाम न छापने की शर्त पर अधिकारी के अनुसार नेतन्याहू ने अपने सैन्य सचिव से संपर्क किया और कहा कि यह विचार अस्वीकार्य है कि हमास को खत्म नहीं किया जा सकता लेकिन बाद में राफा में लड़ाई जारी रहने का आश्वासन मिलने के बाद वे पीछे हट गए।

## इजरायल के करीब मिला 'सबसे पुराना' जहाज, लदा था 3300 साल पुराना खजाना, समुद्र से निकाला गया




**समुद्र रहस्यों से भरा है। प्रकृति के रहस्यों के साथ-साथ यह इतिहास को भी अपने अंदर समेटे हुए है। ऐसा ही एक प्राचीन इतिहास इजरायल के तट से 90 किमी दूर समुद्र में मिला है। यहां 3300 साल पुराना जहाज मिला है। इस जहाज पर मौजूद एम्फोरा को समुद्र से निकाल लिया गया है।**

**तेल अवीव:** समुद्र में हजारों साल पुराने एक जहाज का खजाना गलती से खोज निकाला गया है। यह जहाज इजरायली तट से उत्तर में लगभग 2000 मीटर नीचे समुद्र की गहराई में पड़ा पाया गया। जहाज के मलबे से सैकड़ों खजाने मिले, जिसे एम्फोरा के नाम से जाना जाता है। यह 3,300 साल पुराने हो सकते हैं। इन्हें शराब के जग के रूप में जाना जाता है। इजरायली तट से 90 किमी दूर पर इस जहाज को खोजा गया, जिसका आकार 40 फुट का है। यह कांस्य युग का माना जा रहा है। पिछले साल इस जहाज को लंदन की एक गैस कंपनी ने समुद्र की रोबोट के जरिए स्कैनिंग के दौरान खोजा था। ऐसा माना जाता है कि यह भूमध्य सागर में अब तक इतनी गहराई में खोजा गया सबसे पुराना जहाज है। क्योंकि इस युग के पिछले जहाजों के टुकड़े कभी भी जमीन से इतनी दूर नहीं मिले हैं। इससे यह भी पता चलता है कि प्राचीन नाविक गहरे समुद्र में यात्रा करने में उससे ज्यादा सक्षम थे, जितना इतिहासकार मानते हैं। खोजकर्ताओं का मानना है कि जहाज या तो तूफान के कारण या समुद्री डाकुओं के हमले से डूब गया होगा। इजरायल पुरातन प्राधिकरण की समुद्री इकाई के प्रमुख जैकब शारविट ने इसे विश्व स्तर पर इतिहास को बदलने वाली खोज बताया।

**समुद्र से निकाला खजाना** शारविट ने आगे कहा, 'ऐसा लगता है कि जहाज संकट में डूब गया है। या तो यह तूफान के कारण डूब गया या समुद्री डकैती के प्रयास के कारण जो कि कांस्य युग के अंत में बेहद प्रसिद्ध थी।' शोधकर्ताओं ने इसकी सटीक जगह नहीं बताई है। लेकिन कहा कि यह जमीन से 90 किमी दूर पर है। जहाज अभी भी पानी के नीचे ही है। लेकिन शोधकर्ताओं को समुद्र से इसके जग को निकालने में कामयाबी मिल गई है। यह जग एम्फोरा कहलाते हैं, जिनका शरीर अंडाकार होता है। इसकी गर्दन पतली होती है और दो हैंडल होते हैं। तेल, शराब और फल ले जाने के लिए इसका इस्तेमाल होता था।

**क्यों मानी जा रही बड़ी खोज?**

शरवित ने कहा, 'कीचड़ भरा तल जहाज की दूसरी परत को छुपाता है और ऐसा लगता है कि लकड़ी के बीम भी मिट्टी के नीचे दबे हुए हैं।' शरवित का कहना है कि इस खोज से यह भी बात सामने आती है कि प्राचीन नाविकों की नेविगेशन क्षमता जानकारी से ज्यादा उन्नत थी। इस समय नाविक भूमि के करीब ही अपनी नाव लेकर चलते थे, ताकि लौटने में आसानी हो। लेकिन यह खोज दिखाती है कि इसके नाविक बिना जमीन का टुकड़ा देखे यात्रा कर रहे थे। संभव है कि वह अपनी दिशा जानने के लिए सूर्य और तारों का इस्तेमाल करते हों। दो जहाज पहले भी इस समय के खोजे गए हैं। लेकिन वे तटों के करीब थे।

## सर तन से जुदा, ईशनिंदा... कौन तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान जो इंसान को जिंदा जला रहा, बरेलवी संप्रदाय से संबंध जानें

**पाकिस्तान में भीड़ ने स्वात घाटी में आरोपी ईशनिंदा करने के आरोपी को पहले पीटा और फिर बीच सड़क पर उसको जला दिया। जलते हुए शव के पास खड़े होकर भी भीड़ लगातार नारेबाजी करती रही। स्थानीय मीडिया के मुताबिक स्वात में कुरान का अपमान करने का ये आरोपी पर्यटक था।**

**इस्लामाबाद:** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वात जिले में भीड़ ने ईशनिंदा के एक आरोपी को जलाकर मार डाला। पुलिस ने बताया कि गुरुवार रात स्वात के मद्यन इलाके में ये घटना हुई। कुरान की बेअदबी करने के आरोपी को पुलिस थाने लेकर आई थी। थाने के सामने बड़ी संख्या में भीड़ जमा हो गई और आरोपी को तुरंत सजा की मांग करते हुए उसे बाहर खींच लाई। इसके बाद उसको पीटते हुए आग के हवाले कर दिया। स्वात जिला पुलिस अधिकारी (डीपीओ) डॉक्टर जाहिदुल्ला खान ने बताया है कि लोगों ने पुलिस स्टेशन और एक मोबाइल वाहन में भी आग लगा दी। घटना को अंजाम देने वाली भीड़ को तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) से जुड़ा बताया गया है। टीएलपी का हाल के समय में पाकिस्तान में इस तरह की कई घटनाओं में नाम सामने आया है। टीएलपी के लोगों ने ईशनिंदा के आरोपियों को निशाना बनाने के अलावा अल्पसंख्यक समुदाय पर भी हमले किए हैं।

टीएलपी से जुड़े लोग इस्लाम के बरेलवी फिरके को मानने वाले हैं। इस फिरके (संप्रदाय) की शुरुआत भारत के बरेली शहर से हुई थी। इस फिरके के संस्थापक अहमद रजा खानबरेली के ही रहने वाले थे। भारत पाकिस्तान में इस फिरके को मानने वालों की बड़ी तादाद है। पाकिस्तान में हाल के वर्षों में टीएलपी से जुड़े बरेलवी मौलवियों ने कई बार हिंसा भड़काकर और सड़क पर उतरकर अपना शक्ति प्रदर्शन किया है। पाकिस्तान बनने के बाद कई दशकों तक बरेलवी बहुत प्रभावी नहीं रहे थे लेकिन 2015 में टीएलपी के उभरने के बाद तेजी से चीजें बदलीं और बरेलवी मसला पाकिस्तान में धार्मिक राजनीति के केंद्र में आ गया। इनके समर्थक 'सर तन से जुदा' के नारे भी लगाते हैं। इनसे भारत में भी काफी लोग प्रभावित हैं। पाकिस्तान के मुसलमानों में बरेलवी लोगों की बड़ी हिस्सेदारी है। खासतौर से पंजाब और सिंध में इनकी तादाद ज्यादा है। पिछले दशक में बरेलवी समुदाय में टीएलपी बरेलवी हितों की बात करते हुए उभरा है।

## पाकिस्तान दुनिया का सबसे बड़ा आतंकवाद निर्यातक... कश्मीर मुद्दा उठाने पर भारत ने लगाई क्लास, UNHRC में धो डाला

**पाकिस्तान दुनिया के हर मंच का इस्तेमाल भारत के खिलाफ प्रोपेगेंडा चलाने और कश्मीर मुद्दा उठाने के लिए करता है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में एक बार फिर पाकिस्तान ने कश्मीर का मुद्दा उठाया। इसे लेकर भारत ने अब करारा जवाब दिया है। भारत ने पाकिस्तान को आतंक का निर्यातक बताया।**




**जिनेवा:** चीन के कर्ज के जाल में फंसे पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (UNHRC) में जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया है। कश्मीर मुद्दा उठाने पर पाकिस्तान को भारत ने करारा जवाब दिया है। प्रथम सचिव अनुपमा सिंहन ने पाकिस्तान में लगातार हो रहे अल्पसंख्यकों के दमन और आतंकवाद का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि एक सदस्य ने फिर भारत के खिलाफ प्रोपेगेंडा चलाने के लिए इस मंच का इस्तेमाल किया है। भारत के चुनावों में जम्मू-कश्मीर के लोगों का हिस्सा लेना ही अपने आप में जवाब है। उन्होंने आगे कहा, 'इस देश की उपलब्धि दुनिया में सबसे बड़ा आतंक का निर्यातक होना है। यहां अल्पसंख्यकों के साथ-साथ कई मुस्लिमों का दमन होता है। पाकिस्तान को अपने घर को ठीक रखना चाहिए।' इससे पहले भारत ने फरवरी में भी पाकिस्तान को UNHRC में जमकर सुनाया था। तब तुर्की को भी कश्मीर मुद्दा उठाने पर भारत ने जवाब दिया था। भारत ने तब तुर्की को कहा था कि उसकी ओर से आंतरिक मामलों में टिप्पणी नहीं करना चाहिए। **पाकिस्तान पर बोला था हमला** पाकिस्तान हर मंच का इस्तेमाल भारत के खिलाफ प्रोपेगेंडा चलाने में करता है। फरवरी में उसने जब कश्मीर का मुद्दा उठाया, तब भारत ने कड़ा प्रहार किया था। भारत ने कहा था, 'हम उस देश पर और ध्यान नहीं दे सकते जो लाल रंग में डूबा हुआ है। दुनिया भर में प्रायोजित आतंकवाद से रक्तपात का लाल, कर्जे वाली राष्ट्रीय बैलेंस शीट का लाल। इसके अपने ही लोगों को शर्मिंदगी महसूस होती है कि उनकी सरकार वास्तविक हितों को पूरा करने में विफल रही है।' कश्मीर पर पाकिस्तान को सुनाया जून के शुरुआती सप्ताह में पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ चीन यात्रा पर गए थे। तब चीन और पाकिस्तान के संयुक्त बयान में कश्मीर का जिक्र किया गया था। इसे लेकर भारत ने कहा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न अंग है और किसी भी देश को उनकी स्थिति पर टिप्पणी का अधिकार नहीं है। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा था कि चीन-पाकिस्तान के संयुक्त बयान में जम्मू और कश्मीर के अनुचित संदर्भों को हम अस्वीकार करते हैं।

## इजरायल के ब्रह्मास्त्र आयरन डोम को तबाह कर सकता है हिज्बुल्लाह, घबराया अमेरिका, युद्ध पर दी चेतावनी

*अमेरिका ने इजरायल को आगाह किया है कि वह हिज्बुल्लाह के साथ युद्ध से बचे। अमेरिका ने कहा कि लेबनान का हिज्बुल्लाह आयरन डोम को तबाह करने की ताकत रखता है। आयरन डोम इजरायल का एयर डिफेंस सिस्टम है जो रॉकेट हमलों से बचाता है। इजरायल लेबनान पर हमले की तैयारी में है।*




*__तेलअवीव:__ हमास के बाद अब इजरायल और लेबनान के हिज्बुल्लाह के बीच युद्ध का खतरा मंडराने लगा है। हिज्बुल्लाह के चीफ हसन नसरुल्ला ने इजरायल को धमकी दी है। इस बीच अमेरिका ने कहा है कि अगर इजरायल और हिज्बुल्ला के बीच युद्ध होता है तो आयरन डोम एयर डिफेंस सिस्टम भी यहूदी देश को बचा नहीं पाएगा। इजरायल आयरन डोम को ब्रह्मास्त्र बताता रहा है लेकिन हाल ही में हिज्बुल्ला ने आयरन डोम सिस्टम पर भी सफल हमला बोलकर अपनी ताकत का अहसास कराया है। अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि इस खतरे के बारे में इजरायल को भी आगाह कर दिया गया है।*

*सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका ने कहा कि अगर हिज्बुल्लाह के साथ लड़ाई होती है तो आयरन डोम खतरे में आ जाएगा क्योंकि लेबनानी संगठन के पास बहुत बड़ी तादाद में मिसाइलें और हमलावर ड्रोन हैं। हिज्बुल्लाह इसे लगातार बढ़ा रहा है। इससे पहले इजरायल ने अमेरिकी अधिकारियों को संकेत दिया था कि वह लेबनान के अंदर जमीनी और हवाई हमला करने की तैयारी कर रहा है। इजरायली अधिकारियों ने अमेरिका से कहा कि वह अपने संसाधनों को दक्षिणी गाजा से उत्तरी इजरायल पहुंचा रहा है ताकि हिज्बुल्ला के खिलाफ हमले की तैयारी की जा सके। __आयरन डोम पर सटीक हमला कर सकता है हिज्बुल्ला__ अमेरिकी अधिकारियों ने कहा, 'हमने आयरन डोम की कुछ बैट्री का आकलन किया है जो हिज्बुल्ला के हमले में तबाह हो सकती हैं।' एक इजरायली अधिकारी ने कहा कि यह तब संभव हो सकता है जब हिज्बुल्लाह एक बड़ा हमला करता है और सटीक हमला करने वाले हथियारों का इस्तेमाल करता है। ऐसे में आयरन डोम के लिए खुद का बचाव करना मुश्किल हो जाएगा। हिज्बुल्लाह ईरान से कई वर्षों से सटीक हमला करने वाले हथियार मंगा रहा है जिसको लेकर इजरायल कई बार आपत्ति जता चुका है। इस बीच लेबनान के दक्षिणी इलाकों में इजरायली हवाई हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई और दो नागरिक घायल हो गए। लेबनानी सैन्य सूत्रों ने मीडिया को ये जानकारी दी। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया, एक इजरायली युद्धक विमान ने लेबनान के दक्षिण-पूर्वी गांव खियाम पर हवा से सतह पर मार करने वाली छह मिसाइलें दागीं, जिसमें हिजबुल्लाह का एक सदस्य मारा गया और दो नागरिक घायल हो गए। एक अलग घटना में, एक इजरायली ड्रोन ने दक्षिण-पश्चिमी लेबनान के टायर जिले में एक कार पर चार मिसाइलें दागीं, जिसमें हिजबुल्लाह के एक अधिकारी अब्बास इब्राहिम हमजा हमदा की मौत हो गई, जो पश्चिमी क्षेत्र में कमांडर था। __लेबनान और इजरायल में बढ़ा तनाव__*

*सूत्रों ने कहा कि एक इजरायली ड्रोन ने नबातिह जिले के हौमीन गांव में एक और कार पर हमला किया, जिसमें उसके चालक हादी जुमा की मौत हो गई। उसके पिता कथित तौर पर हिजबुल्लाह के करीबी थे। 7 अक्टूबर को इजरायल पर हमास के हमले और इजरायल की जवाबी कार्रवाई के बाद 8 अक्टूबर, 2023 से लेबनान-इजरायल सीमा पर तनाव काफी बढ़ गया है।*



# ज्योतिका और सूर्या ने तलाक की अटकलों पर लगाया विराम

**ज्योतिका और सूर्या को लेकर बुरी खबर सामने आ रही थी। कहा जा रहा था कि दोनों की शादीशुदा जिंदगी में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है और वे जल्द ही तलाक लेने वाले हैं। हालांकि, अब ज्योतिका ने एक पोस्ट शेयर करके इन अफवाहों को झूठा साबित कर दिया है।**

साउथ के फेमस स्टार कपल ज्योतिका और सूर्या की शादीशुदा जिंदगी में सबकुछ ठीक है। उनके रिश्ते में दरार नहीं आई है और वो तलाक नहीं लेने वाले हैं। ऐसा हम नहीं कह रहे हैं, बल्कि खुद ज्योतिका ने तलाक और सेपरेशन की अटकलों पर विराम लगा दिया है। उन्होंने पति संग फिनलैंड वेकेशन का बेहद खूबसूरत वीडियो शेयर किया है, जो वायरल हो रहा है। ज्योतिका इस समय पति सूर्या के साथ फिनलैंड में वेकेशन इंजॉय कर रही हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर प्यारी सी फोटो शेयर की है, जो इंटरनेट पर वायरल हो रही है। इस वीडियो की शुरुआत में लिखा है, जिंदगी रेनबो की तरह है, चलिए उसके रंगों को डिस्कवर करते हैं। मुझे मेरा व्हाइट मिला। इसके साथ उन्होंने स्नो वाला इमोजी भी बनाया है। वीडियो से साफ जाहिर हो रहा है कि ज्योतिका और सूर्या कितने खुश हैं और हॉलिडे को खूब इंजॉय कर रहे हैं।

### बर्फीली वादियों में खूब किया इंजॉय

इस वीडियो में फिनलैंड पूरा बर्फ में डूबा नजर आ रहा है। चारों तरफ सिर्फ बर्फीला नजारा दिख रहा है। पेड़ों से लेकर घरों तक के ऊपर बर्फ जमी हुई है। इसी वादियों के बीच सूर्या कॉफी लेकर घूम रहे हैं और ज्योतिका एक टेंट के पास हैं, जिसके अंदर अलाव जल रहा है। सूर्या की एक फोटो भी है, जिसमें उनकी आंखें नजर आ रही हैं और पलों पर भी बर्फ जम गई है। दोनों ने बर्फ पर कई सारी एक्टिविटी भी की।

### तलाक की आई थीं खबरें

हाल ही में ऐसी खबरें सामने आई कि ज्योतिका और सूर्या के बीच सबकुछ ठीक नहीं है और वे जल्द ही अपने रिश्ते को हमेशा के लिए खत्म करने वाले हैं। उनका तलाक होने वाला है।



# सामंथा ने जाहिर की सिटाडेल की शूटिंग पूरी होने की खुशी

साउथ सुपर स्टार सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों अपने आने वाले सीरीज सिटाडेल को लेकर काफी व्यस्त चल रही हैं। इस सीरीज में सामंथा वरुण धवन के साथ स्क्रीन साझा करती हुई दिखाई देने वाली हैं। अभिनेत्री ने अपने सोशल मिडिया हैंडल से सिटाडेल की सेट से एक तस्वीर को साझा किया है। सोशल मीडिया पर सामंथा की यह पोस्ट काफी वायरल हो रही है।

### जाहिर की खुशी

अमेरिकन सीरीज सिटाडेल के हिंदी रूपांतरण में सामंथा अहम भूमिका निभा रही हैं। इस सीरीज को लेकर वे बेहद उत्साहित हैं। आज अपने सोशल मीडिया हैंडल से सिटाडेल की टीम के साथ अभिनेत्री ने फोटो साझा करते हुए लिखा है, फाइनली हमें कुछ देखने को मिल रहा है और हम सब बेहद उत्साहित हैं। उन तस्वीरों में सामंथा काले रंग के फंकी जैकेट में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। सामंथा के साथ फोटो में वरुण धवन के अलावा सीरीज के निर्देशक राज और डीके भी दिखाई दे रहे हैं। क्रीम रंग के टीशर्ट में वरुण कूल लग रहे हैं। सामंथा प्रभु की इस बहुचर्चित सीरीज में उनके साथ वरुण धवन दिखाई देने वाले हैं। इन दोनों के अलावा सिटाडेल में सिकंदर खेर भी अहम भूमिका निभाते नजर आएंगे। महंगे लागत से बन रही इस सीरीज की शूटिंग भारत के अलावा साइबेरिया में भी हुई है।

# अभिनेत्री एमी जैक्सन ने एड वेस्टविक से की सगाई

एक दीवाना था, सिंह इज ब्लिंग जैसे फिल्मों के लिए मशहूर एमी जैक्सन ने स्विट्जरलैंड के गस्टाड में अभिनेता-संगीतकार एड वेस्टविक से सगाई कर ली है। उन्होंने सोशल मीडिया पर मंगेतर के साथ अपनी कई तस्वीरें साझा की हैं। इस फोटोज में दोनों को काफी खुश देखा जा सकता है। एक तस्वीर में वेस्टविक घुटने पर बैठकर अभिनेत्री को प्रपोज करते नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों के साथ एमी ने कैप्शन में अपनी सगाई की पुष्टि कर दी है। कियारा आडवाणी, ओरी, अथिया शेट्टी, श्रुति हासन, सोफी चौधरी जैसे सेलेब्स ने उन्हें बधाई दी है। एमी जैक्सन और एड वेस्टविक ने जून 2022 में किए गए एक इंस्टाग्राम पोस्ट के माध्यम से अपने रिश्ते का आधिकारिक एलान किया था। एड को लोकप्रिय सीडब्ल्यू नेटवर्क सीरीज गॉसिप गर्ल में प्लेबॉय चक बास के रूप में उनकी भूमिका के लिए पहचाना जाता है। 2007 से 2012 तक इसका प्रसारण हुआ था। उन्होंने सिटकॉम व्हाइट गोल्ड में भी अभिनय किया है। एड ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत 2006 में चिल्ड्रन ऑफ मेन फिल्म से की थी। एमी की पहले होटल व्यवसायी जॉर्ज पानायटियोउ से सगाई हुई थी। उनका एक बेटा भी है, जिसका नाम एंड्रियास है। एमी ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत मद्रासपट्टिनम से की थी। उन्होंने 2012 में प्रतीक बब्बर के साथ एक दीवाना था से बॉलीवुड में कदम रखा। बाद में, उन्होंने येवडू, आई, थेरी, 2.0 जैसी सुपरहिट फिल्मों में अभिनय किया। 2024 में वह मिशन- चैप्टर 1 में नजर आई थीं। इसके बाद, वे विद्युत जामवाल अभिनीत क्रैक में भी नजर आने वाली हैं।





# बॉक्स ऑफिस आंकड़ों के अलावा परिवार की राय भी महत्वपूर्ण

**अभिनेता ऋतिक रोशन इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म फाइटर को लेकर सुर्खियों में हैं। महज पांच दिनों के अंदर फिल्म की कमाई घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये पार हो गई है, वहीं वर्ल्डवाइड 200 करोड़ रुपये से ऊपर पहुंच चुकी है।**

ऋतिक ने फिल्म की सफलता पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वे इससे खुश हैं। मगर, उनके लिए अपने परिवार और करीबियों की प्रतिक्रिया और भी ज्यादा मायने रखती है।

फिल्म पर दी प्रतिक्रिया

फिल्म फाइटर में ऋतिक रोशन ने इंडियन एयर फोर्स पायलट का रोल अदा किया है। ऋतिक रोशन ने फिल्म की सफलता पर कहा कि दर्शकों को उनका काम पसंद आया, ये बड़ी बात है। साथ ही ऋतिक ने ये भी कहा कि बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के अलावा उनके लिए उन लोगों की राय भी बहुत मायने रखती है, जिन्हें वे प्यार करते हैं। हालांकि, सबसे बड़ी मान्यता तो बॉक्स ऑफिस के आंकड़ों से मिलती है।

बॉक्स ऑफिस आंकड़ों पर रखी ये बात

ऋतिक रोशन ने आगे कहा कि यह कुछ ऐसा है जिसे कहने में मुझे पहले थोड़ा संकोच होता रहा है ,लेकिन यह सच है। सबसे बड़ी मान्यता बॉक्स ऑफिस नंबर हैं, खासकर जब आप एक ऐसी फिल्म बना रहे हैं, जिसका मकसद बड़ी संख्या में दर्शकों का मनोरंजन करना है।

परिवार की राय को बताया महत्वपूर्ण

ऋतिक रोशन ने कहा, जिन लोगों से मैं प्यार करता हूं, मुझे वाकई उम्मीद है कि उन्हें मेरा काम पसंद आया। अगर मैं उन्हें पसंद करता हूं तो एक नजरिया है जिससे वे मेरे काम को देख रहे होंगे और अगर मैं उस नजरिए से संतुष्ट हूं तो मैं अपनी नजरों में थोड़ा ऊंचा हो जाता हूं, क्योंकि मैं खुद को उनके नजरिए से देखता हूं। मेरे लिए मेरे बेटों, परिवार, पार्टनर की प्रतिक्रिया बेहद महत्वपूर्ण है। वर्क फ्रंट की बात करें तो फाइटर के बाद ऋतिक रोशन वॉर 2 में नजर आएंगे।

# सिटाडेल के बाद रूसो ब्रदर्स ने फिर जताया प्रियंका पर भरोसा, द ब्लफ में दी मुख्य भूमिका




ग्लोबल आइकन बन चुकीं प्रियंका चोपड़ा के करियर के सितारे इन दिनों बुलंदियों के शिखर पर हैं। अभिनेत्री बैक-टू-बैक हॉलीवुड प्रोजेक्ट्स साइन कर रही हैं। देसी गर्ल आखिरी बार एक्शन से लबरेज सीरीज सिटाडेल में नजर आई थीं। वहीं, अभिनेत्री रिचर्ड मैडेन स्टारर इस एक्शन-पैक्ड स्पाई थ्रिलर सीरीज के दूसरे सीजन में भी नजर आने वाली हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रियंका चोपड़ा ने हॉलीवुड की द ब्लफ नामक फिल्म साइन की है। अभिनेत्री की यह फिल्म 1800 के दशक पर आधारित एक पीरियड ड्रामा है।

### जून में शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

बताया जा रहा है कि द ब्लफ फिल्म का निर्माण द रुसो ब्रदर्स द्वारा किया जा रहा है। रिपोर्ट्स की मानें, तो इस फिल्म की शूटिंग जून महीने में शुरू होगी। प्रियंका चोपड़ा के फैंस इस खबर के सामने आने के बाद उत्साहित हो गए हैं। हालांकि, अभिनेत्री और निर्माताओं की तरफ से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

### प्रियंका चोपड़ा का वर्कफ्रंट

प्रियंका चोपड़ा के वर्कफ्रंट की बात करें, तो उनके पास हॉलीवुड के दो प्रोजेक्ट्स हैं, जिनमे एक सिटाडेल 2 और हेड्स ऑफ स्टेट है। इसके अलावा अभिनेत्री के पास एक बॉलीवुड फिल्म जी ले जरा भी है। इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा, आलिया भट्ट, कैटरीना कैफ के साथ नजर आने वाली हैं। वहीं, इस फिल्म का निर्माण रीमा कागती के जरिए किया गया है। निर्माता और अभिनेता फरहान अख्तर इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं।




# राजामौली की एसएसएमबी 29 को लेकर सामने आई बड़ी जानकारी

महेश बाबू जल्द ही एसएस राजामौली के निर्देशन में बन रही फिल्म में अभिनय का जलवा दिखाते हुए नजर आने वाले हैं। फिल्म को इस समय एसएसएमबी 29 कह कर पुकारा जा रहा है। तेलुगु सुपरस्टार महेश बाबू ने हाल ही में फिल्म गुंटूर कारम में नजर आए थे। त्रिविक्रम श्रीनिवास के निर्देशन में बनी यह फिल्म 12 जनवरी को संक्रांति उत्सव के मौके पर दुनियाभर में रिलीज हुई थी। फैंस को उनकी यह फिल्म काफी पसंद आई थी। वहीं, कई समीक्षकों ने फिल्म पर मिली जुली प्रतिक्रिया दी थी। अब अभिनेता जल्द ही एसएस राजामौली के निर्देशन में बन रही फिल्म में अभिनय का जलवा दिखाते हुए नजर आने वाले हैं। फिल्म को इस समय एसएसएमबी 29 कहकर पुकारा जा रहा है। एलान के बाद से ही लोगों को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। कई रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया है कि यह फिल्म लोकप्रिय हॉलीवुड फिल्म सीरीज इंडियाना जोन्स की तर्ज पर होगी और इसमें हनुमान से संबंधित एक कहानी देखने को मिलेगी। इस बीच फिल्म को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट्स की मानें तो आम तौर पर प्रति फिल्म 60 से 80 करोड़ रुपये के बीच शुल्क लेने वाले महेश बाबू ने राजामौली के प्रोजेक्ट के लिए कोई भी पारिश्रमिक नहीं लेने का फैसला किया है। बताया जा रहा है कि फिल्म से होने वाले मुनाफे में वे राजामौली के साथ हिस्सेदारी करेंगे। फिलहाल फिल्म टीम ने अभी तक इन रिपोर्ट्स की पुष्टि नहीं की है। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि एसएसएमबी 29 का बजट 1000 करोड़ रुपये के आसपास है। बताया जा रहा है कि फिल्म की स्क्रिप्ट बनकर तैयार हो गई है और वर्तमान में एसएसएमबी 29 के लिए प्री-प्रोडक्शन कार्य चल रहा है। हालांकि, फिल्म को लेकर किसी भी प्रकार की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है।



# टाइगर श्रॉफ की रैम्बो पर जल्द शुरू होगा काम, सैफ अली खान के साथ भी धमाल मचाएंगे सिद्धार्थ आनंद

सिद्धार्थ आनंद की आगामी एक्शन फिल्म रैम्बो अपने एलान के बाद से ही सुर्खियों में है। इस एक्शन ड्रामा की आधिकारिक घोषणा 2017 में टाइगर श्रॉफ की मुख्य भूमिका के साथ की गई थी। यह फिल्म सिल्वेस्टर स्टेलोन अभिनीत हॉलीवुड क्लासिक का भारतीय रूपांतरण है। फिल्म पर बीते सात साल से काम चल रहा है। निर्देशक सिद्धार्थ आनंद इन दिनों अपनी फिल्म फाइटर की रिलीज को लेकर चर्चाओं में हैं। इसी कड़ी में सिद्धार्थ ने आगामी फिल्म रैम्बो पर खुलकर बात की है। साथ ही सैफ अली खान के साथ काम करने पर भी बड़ा अपडेट साझा किया है।

### सिद्धार्थ करने जा रहे मार्फ्लिक्स का विस्तार

सिद्धार्थ आनंद ने बताया है कि वह किस तरह मार्फ्लिक्स के विस्तार की योजना बना रहे हैं। उन्होंने अपने बैनर तले आने वाली परियोजनाओं के बारे में भी बात की। इसमें रोहित धवन द्वारा निर्देशित रैम्बो समेत सैफ अली खान और जयदीप अहलावत अभिनीत और रॉबी ग्रेवाल द्वारा निर्देशित फिल्म शामिल है। यह पूछे जाने पर कि वह मार्फ्लिक्स को एक बैनर के रूप में कैसे विस्तारित करना चाहते हैं, सिद्धार्थ आनंद ने हालिया इंटरव्यू में कहा, मुझे लगता है कि यहां कुछ अच्छी एक्शन फिल्में बनाने का विचार है। मुझे लगता है कि यह एक ऐसी जगह है, जहां मुझे अपना काम मिल गया है। हम शुरुआत कर रहे हैं, और हमारे पास कुछ अच्छी मजेदार फिल्में हैं। इसलिए उम्मीद है कि आप मार्फ्लिक्स से कुछ मजेदार एक्शन फिल्में देखेंगे।

### रैम्बो पर दिया बड़ा अपडेट

उन्होंने आगे कहा कि वे अपने बैनर मार्फ्लिक्स के तहत रैम्बो का निर्माण भी कर रहे हैं। रोहित धवन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में टाइगर श्रॉफ मुख्य भूमिका में हैं। प्रोजेक्ट के बारे में बात करते हुए सिद्धार्थ आनंद ने कहा, फिर हम रैम्बो का निर्माण कर रहे हैं। टाइगर श्रॉफ के साथ रोहित धवन निर्देशन कर रहे हैं। उम्मीद है, यह एक ऐसा शीर्षक है जो लोगों के दिमाग में बहुत गहराई से बैठा हुआ है, इसलिए हम इसे एक निश्चित एक्शन फिल्म बनाना चाहते हैं। इसलिए हमारे पास जल्द ही रैम्बो के लिए कुछ रोमांचक योजनाएं हैं। मुझे लगता है कि एक महीने में आप सुनेंगे कि हम रैम्बो के साथ क्या कर रहे हैं। एलान बड़ा होने वाला है।



### सैफ अली खान संग शुरू किया काम

यह पूछे जाने पर कि क्या जल्द ही बहुत सारी घोषणाएं होने वाली हैं, सिद्धार्थ आनंद ने कहा, बहुत सारी घोषणाएं नहीं। उनमें से कुछ। मैं मात्रा में विश्वास नहीं करता। हम वास्तव में एक छोटे बुटीक प्रोडक्शन हाउस की तरह हैं, जहां हम जो भी फिल्म कर रहे हैं उसमें मैं अपनी सारी ऊर्जा और प्रयास लगाना चाहता हूं। जैसे अभी, हम सैफ अली खान और जयदीप अहलावत के साथ एक मजेदार एक्शन फिल्म कर रहे हैं। यह एक अनोखी फिल्म है और मेरी सारी ऊर्जा उसी पर केंद्रित है।



